हिन्दी दैनिक

# देश की उपासना

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live &
dkunews24

वर्ष : 03 अंक–273 : जौनपुर, मंगलवार 08 फरवरी 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## किसानों को सिंचाई हेतु फ्री बिजली व मेधावी छात्राओं को मुफ्त स्कूटी देने का भाजपा नें किया वादा

लखनऊ ब्यूरो : गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को यूपी चुनाव के लिए लोक कल्याण संकल्प पत्र और नया प्रचार गीत जारी कर दिया है। भाजपा ने यूपी में सत्ता में आने पर किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली और कॉलेज जाने वाली मेधावी छात्राओं को मुफ्त स्कूटी देने का वादा किया है। विद्यार्थियों को दो करोड़ टैबलेट व लैपटॉप वितरित किया जाएगा। भाजपा ने लता मंगेशकर की स्मृति में आर्ट्स अकादमी स्थापित करने की घोषणा भी की है। भाजपा ने यूपी में सत्ता में आने पर किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली और कॉलेज जाने वाली मेधावी छात्राओं को मुफ्त स्कूटी देने का वादा किया है। भाजपा ने लता मंगेशकर की स्मृति में आर्ट्स अकादमी स्थापित करने की घोषणा भी की है। लोक कल्याण संकल्प पत्र 2022 में भाजपा ने प्रदेश के हर जिले में आधुनिक विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाओं से युक्त मेडिकल कॉलेज स्थापित किये जाने का वादा किया। प्रदेश के सभी नागरिकों को सरकारी सेवाएं एक निश्चित समय में प्राप्त हों, इसकी गारंटी देने वाला कानून लाया जाएगा। लोक कल्याण संकल्प पत्र 2022 में वादा किया गया है कि अयोध्या में श्रीराम से संबंधित संस्कृति, शास्त्रों एवं धार्मिक तथ्यों पर शोध के लिए रामायण विश्वविद्यालय को स्थापित किया जाएगा। संकल्प पत्र में बहन–बेटियों से लव जिहाद करने वालों को कम से कम 10 साल की सजा और एक लाख रुपये के जुर्माना लगाने का कानून बनाने का वादा किया जिससे इस कुकृत्य को करने से पहले कोई भी हजार बार सोचे। संकल्प पत्र में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को प्रदेश में एक नंबर की अर्थव्यवस्था बनाने का वादा किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि 2017 में भाजपा ने जो कहा वो करके दिखाया है। 2017 से पहले बसपा, सपा और कांग्रेस के भाई भतीजावाद की सरकार में प्रदेश पिछड़ गया था। योगी आदित्यनाथ सरकार ने प्रदेश की छवि को बदलकर फिर से विकास की रफ्तार पकड़ी है। कानून व्यवस्था का राज कायम किया है। आज फिर संकल्प पत्र लेकर आये है, फिर पांच साल जनता की सेवा करेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2022 के चुनाव के लिए भाजपा संकल्प पत्र के साथ जनता के सामने उपस्थित है। उत्तर प्रदेश के 25 करोड़ लोगों के जीवन मे परिवर्तन के लक्ष्य को लेकर संकल्प पत्र जारी किया है। उन्होंने कहा कि हमने 2017 में जो संकल्प पत्र जारी किया था। उस समय जो संकल्प लिया था उसे मंत्र मानकर प्रत्येक वादे को पूरा किया। जो कहा था वह करके दिखाया। अब जो कहेंगे वह करके दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में अब कानून का राज है। हर बहन बेटी सुरक्षित महसूस करती है। पहले महीनों तक कर्फ्यू लगा रहता था। अब कर्फ्यू नहीं कावड़ यात्रा निकलती है। हर बेटी बेखौफ होकर स्कूल जाती है। हमने सुरक्षा के साथ गरीब कल्याण योजना को जनता तक पहुंचने के लिए काम किया है। भाजपा सरकार में योजना का लाभ चेहरा देखकर नहीं पात्रता देखकर दिया गया। प्रदेश सरकार ने डेढ़ गुना एमएसपी पर धान व गेंहू खरीदा। प्रदेश के पांच लाख युवाओं को रोजगार दिया गया। युवाओं को




एमएसएमई सेक्टर में रोजगार मिल रहा है। प्रदेश में बेरोजगारी की दर कम हुई है। संकल्प पत्र जारी कर गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि मुझे पांच साल पहले का दृश्य याद आता है। हमने पांच साल पहले इसी स्थान में संकल्प पत्र जारी किया था। 2014 के चुनाव में ही संकेत मिल गया था कि 2017 में भाजपा की सरकार बनेगी। यूपी को सुरक्षित, विकसित करने, अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने का संकल्प किया था। पांच साल में हर क्षेत्र में विकास, उपलब्धि और उज्जवल भविष्य की नींव डालने वाले रहे हैं। राजनीति को अपराधीकरण से मुक्त किया गया है। यह सबसे बड़ी सफलता है। हम जो कहते हैं वो करते हैं। गृहमंत्री ने कहा कि इस बार भी हम प्रदेश में 300 सीटों के साथ फिर से सरकार बनाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा और योगी ने यूपी को सुरक्षित बनाया है। माफिया पलायन गए हैं। केंद्रीय योजनाओं के कार्यान्वयन में प्रदेश नंबर वन है। प्रदेश में पहले गोली और कट्टे बनते थे अब गोले और मिसाइल बनेगी। 2027 में भी जो हमारा संकल्प पत्र आएगा वह इससे बेहतर होगा।

**भाजपा के संकल्प पत्र के प्रमुख बिंदुः**

– किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली दी जाएगी। – कॉलेज जाने वाली मेधावी छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लक्ष्मी बाई योजना के अंतर्गत मुफ्त स्कूटी वितरित की जाएगी। – छात्रों को दो करोड़ टैबलेट और स्मार्टफोन वितरित किए जाएंगे। – 60 साल से अधिक उम्र की महिलाओं को मुफ्त यात्रा की सौगात। – निराश्रित महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को 1500 रुपये की पेंशन। – गन्ना किसानों को 14 दिन में भुगतान। – उज्ज्वला योजना के अंतर्गत होली और दीवाली पर 1–1 मुफ्त सिलेंडर। – प्राथमिक स्कूलों में टेबल बेंच की व्यवस्था की जाएगी। – हर मण्डल में कम से कम एक विश्वविद्यालय स्थापित किया जाएगा। – हर परिवार को कम से कम एक रोजगार प्रदान करेंगे। – एम्बुलेंस और एमबीबीएस की सीटों को दोगुना करेंगे। – लव जिहाद रोकने के लिए 10 साल की सजा और 1 लाख का जुर्माने का प्रावधान। – मां अन्नपूर्णा कैंटीन बनाकर गरीबों को सस्ता खाना देंगे। संकल्प पत्र बनाने के लिए जनता से सुझाव लिए गए यूपी सरकार के मंत्र सुरेश खन्ना ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य प्रदेश की 25 करोड़ जनता की सेवा करना है। सेवा के उद्देश्य से संकल्प पत्र तैयार किया गया है। 2022 के संकल्प पत्र के लिए बनी समिति ने जनता से सुझाव लिए गए। यूपी को नंबर वन बनाने के लिए चलाए गए अभियान में विभिन्न वर्गों के सम्मेलन भी आयोजित किए गए। लोक कल्याण संकल्प पत्र जारी करने के लिए गृहमंत्री अमित शाह लखनऊ पहुंचे। जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह व अन्य भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। गृहमंत्री अमित शाह यहां से सीधे इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के लिए रवाना हो गए।

## राष्ट्रहित हेतु यूपी में भाजपा सरकार जरूरी : मेजर वीरेंद्र सिंह तोमर

आर एल पाण्डेय लखनऊ। भारतीय संस्कृति को बचाने व राष्ट्रहित में कार्य करने के लिए भारतीय जनता पार्टी एकमात्र ऐसी राजनीतिक पार्टी है जो बीते कई दशकों से इसी दिशा में सक्रियता से कार्य कर रही है। बदले हुए हालातों में हर देशवासी की जिम्मेदारी है कि वह उसी राजनीतिक पार्टी को सत्ता में लाए जो राष्ट्रवाद को आगे बढ़ाने में विश्वास रखती हो। बीते पांच सालों में प्रदेश की योगी सरकार ने जिस तरह अराजकता को खत्म कर कानून का राज कायम किया और भ्रष्टाचार को काबू करने का हर संभव प्रयास किया, ऐसे में सभी प्रदेशवासियों की जिम्मेदारी है कि आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को भारी मतों से विजयी बनाकर एक बार फिर सूबे में भाजपा को सत्तारूढ़ करें। यह बात कन्नौज सदर से भाजपा प्रत्याशी असीम अरुण के पक्ष में जन सम्पर्क करते हुए मेजर वीरेंद्र सिंह तोमर ने मतदाताओं से मुलाकात के दौरान कही। उन्होंने कहा कि कन्नौज सदर , तिर्वा, छिबरामऊ विधानसभा सीट पर भाजपा का ही परचम लहराएगा। मतदाताओं ने मन बना



लिया है कि वह किसी प्रत्याशी को नाराज भले न करे लेकिन मतदान करते समय कमल का फूल ही उनकी प्राथमिकता होगी। जन सम्पर्क में साथ रहे सूबेदार एस के एस चंदेल, सूबेदार मेजर शंकर सिंह राजावत , बचान सिंह, हवलदार मानसिंह, सूबेदार भदौरिया ,हवलदार सादिक ,पूर्व सैनिक तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## रेस्टोरेंट और सिनेमा हॉल 50 फीसदी क्षमता से चलेगे : शादी में शामिल हो सकेंगे इतने लोग : लेनी होगी थानाध्यक्ष से अनुमति

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी में कोरोना संक्रमण की रफ्तार कम होने के साथ ही जिला प्रशासन ने घाट, पार्क और गंगा पार रेती पर जाने पर प्रतिबंध हटा दिया है। शहर में रेस्टोरेंट और सिनेमा हॉल 50 फीसदी क्षमता के साथ चलेंगे। ऑटो और ई रिक्शा पर चार सवारी का नियम ही लागू रहेगा। सरकारी कार्यालयों में आवश्यक काम वालों को अनुमति मिलेगी और यहां कोविड हेल्प डेस्क अनिवार्य की बाध्यता जारी रखी गई है। पहले से जारी आदेश में 60 वर्ष से अधिक आयु के गंभीर बीमारी से ग्रसित लोगों का बिना किसी काम घर से बाहर निकलने का आदेश यथावत रखा गया है। जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा की ओर से जादी आदेश के अनुसार कक्षा आठ तक के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालय अभी नहीं खुलेंगे। यह प्रदेश सरकार के आदेश के अनुसार संचालित होंगे। रेलवे स्टेशन, बस अड्डा और धार्मिक स्थलों पर कोरोना प्रोटोकॉल के पालन के साथ प्रवेश दिया जाएगा। मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन भी अनिवार्य होगा। शादी समारोह व अन्य आयोजनों में व्यक्तियों की उपस्थिति शर्तों व प्रतिबंधों के अनुसार रहेगी, जिसके अनुसार बंद स्थानों में एक समय में अधिकतम 100 व्यक्तियों



की अनुमति होगी और इसके लिए थानाध्यक्ष से अनुमति आवश्यक होगी। चुनाव में निर्वाचन आयोग का आदेश अंतिम जिलाधिकारी ने बताया कि विधानसभा चुनाव में सभी प्रकार की रैली, पदयात्रा, राजनीतिक दलों की इनडोर एवं आउटडोर बैठक भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी शासनादेशों के अनुसार की जाएगी। आदर्श आचार संहिता के अंतर्गत किसी भी राजनीतिक आयोजन की अनुमति संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर या आचार संहिता के प्रभारी अपर जिलाधिकारी कार्यालय से ली जाएगी।

## फेफड़ों पर असर नहीं दिखा सका कोरोना का नया वैरिएंट ओमिक्रॉन : बच्चों पर रहा बेअसर

गोरखपुर ब्यूरो : कोरोना के तीसरी लहर में नया वैरिएंट मरीजों के फेफड़े पर असर नहीं डाल सका। इसकी वजह से भर्ती होने वालों में महज एक फीसदी मरीज ही कोरोना निमोनिया के शिकार हुए हैं। इनमें बीमार बुजुर्ग ही शामिल रहे। वहीं, दूसरी लहर में भर्ती होने वालों में हर 10 में छह से सात मरीज कोरोना निमोनिया से पीड़ित थे। जानकारी के मुताबिक, जिले में तीसरी लहर में सात हजार के आसपास मरीज संक्रमित हो चुके हैं। इनमें महज 50 मरीजों को ही अस्पतालों में भर्ती करने की जरूरत पड़ी है। एक फीसदी मरीज ऐसे रहे, जिनके फेफड़ों तक संक्रमण पहुंचा और वे कोरोना निमोनिया से ग्रसित हो गए। बीआरडी मेडिकल कॉलेज के कोरोना वार्ड के नोडल अधिकारी डॉ. अजहर अली ने बताया कि तीसरी लहर में अब तक जो भी मरीज अस्पतालों में भर्ती हुए हैं, वे पहले से ही किसी गंभीर बीमारी से ग्रसित रहे। ऐसे लोगों के फेफड़ों तक कोरोना संक्रमण फैला है। इसकी वजह से उन्हें निमोनिया की तकलीफ हुई। बच्चों को नहीं हुई पोस्ट कोविड की समस्या तीसरी लहर में अब तक करीब आठ सौ बच्चे कोरोना संक्रमण के शिकार हुए हैं। राहत की बात यह है कि इन बच्चों में कोरोना संक्रमण के हल्के लक्षण मिले। यही वजह है कि उनमें पोस्ट कोविड की समस्या नहीं देखने को मिली। जबकि, पहली और दूसरी लहर में महज एक से दो प्रतिशत बच्चे पोस्ट कोविड के शिकार हुए थे। बच्चों में नहीं मिला कोरोना निमोनिया का केस बीआरडी मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. भूपेंद्र शर्मा ने बताया कि बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता बड़ों के मुकाबले ज्यादा होती है। उनमें ऐसे हार्मोन नहीं पाए जाते हैं, जो संक्रमण को गंभीर बनाएं। यही वजह है कि उनमें संक्रमण गंभीर नहीं हुआ। बताया कि एमएमआर वैक्सीन लगने से बच्चों में वायरस ने गंभीर रूप धारण नहीं किया। अमेरिका में हुए कई शोध में इसका खुलासा भी हो चुका है। तीसरी लहर में बच्चे भले ही पॉजिटिव हो रहे हैं, लेकिन उनमें कोरोना निमोनिया की समस्या नहीं है।

## सीएम योगी का तीसरे सेट में हुआ नामांकन : मशहूर पैथॉलॉजिस्ट डॉ मंगलेश बने प्रस्तावक

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर शहर विधानसभा क्षेत्र से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के तीसरा सेट का नामांकन हो गया है। यह नामांकन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष और मशहूर पैथॉलॉजिस्ट डॉ मंगलेश श्रीवास्तव ने दाखिल किया है। इसके साथ एमपी इंटर कॉलेज के प्राचार्य अरुण कुमार सिंह, अधिवक्ता हरि प्रकाश मिश्र भी मौजूद थे। बता दें कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष और मशहूर पैथॉलॉजिस्ट डॉ मंगलेश श्रीवास्तव महानगर में सामाजिक सरोकारों के निर्वहन के लिए भी जाने जाते हैं। उनकी कायस्थ समाज में मजबूत पैठ तो है ही, संस्कार भारती जैसे संगठन से जुड़कर वह समाज के हर वर्ग की प्रतिभाओं को मंच देने में अपनी भूमिका निभाते रहे हैं। डॉ मंगलेश का भी गोरक्षपीठ के सामाजिक प्रकल्पों से गहरा जुड़ाव रहा है। वह चिकित्सक समुदाय के बीच भी खासे लोकप्रिय हैं। जानकारी के लिए बता दें कि विधानसभा चुनाव के छठे चरण के नामांकन के पहले दिन गोरखपुर शहर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नामांकन किया था। उनके साथ केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, यूपी के चुनाव प्रभारी व केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह मौजूद थे। योगी ने दो सेटों में नामांकन पत्र दाखिल किया था।



## जानिए गोरखपुर में क्या है पेट्रोल–डीजल का दाम : दो दिन से नहीं बढ़े हैं भाव

गोरखपुर ब्यूरो : सरकारी तेल कंपनियों की ओर से मंगलवार को पेट्रोल–डीजल के दामों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। गोरखपुर जिले में डीजल और पेट्रोल के दाम 95.36 और 86.88 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। प्रतिदिन सुबह छह बजे पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव होता है। सुबह छह बजे से ही नई दरें लागू हो जाती है। पेट्रोल व डीजल के दाम में एक्साइज ड्यूटी, डीलर कमीशन और अन्य चीजें जोड़ने के बाद इसका दाम लगभग दोगुना हो जाता है। इन्हीं मानकों के आधार पर पेट्रोल रेट और डीजल रेट रोज तय करने का काम तेल कंपनियां करती हैं। डीलर पेट्रोल पंप चलाने वाले लोग हैं। वे खुद को खुदरा कीमतों पर उपभोक्ताओं के अंत में करो और



अपने स्वयं के मार्जिन जोड़ने के बाद पेट्रोल बेचते हैं। पेट्रोल रेट और डीजल रेट में यह कॉस्ट भी जुड़ती है।

## आवश्यक सूचना

**आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–**

**www.Deshkiupasana.com**
**www.Deshkiupasana.in**
**www.Deshkiupasana.org**

**–संपादक**

## वरिष्ठ सर्जन व केराकत विधानसभा के बसपा प्रत्याशी डॉ0 लाल बहादुर सिद्धार्थ को पितृ शोक



जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शहर के सुविख्यात वरिष्ठ सर्जन व बसपा के केराकत विधानसभा के प्रत्याशी डॉक्टर लाल बहादुर सिद्धार्थ के पिता का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया है उनका पार्थिव शरीर बक्सा थाना क्षेत्र के पैतृक गांव बशारतपुर ले जाया गया है। गांव पर शोक संवेदना जताने वालों का ताता लगा हुआ है उनका अंतिम संस्कार आज दोपहर करीब 12:00 बजे जौनपुर स्थित राम घाट पर किया जाएगा।

## लता मंगेशकर जी के निधन पर हुई शोक सभा

आर एल पाण्डेय लखनऊ। सुहानी वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष श्रीमती आरती वर्मा ने लता मंगेशकर जी के निधन पर शोक सभा हनुमान पुरी गली नंबर 1 गली नंबर 1 में आयोजित की. शोक सभा में भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती सुषमा खर्कवाल, क्षेत्रीय



मंत्री संजय गुप्ता सुहानी वेलफेयर सोसाइटी की कार्यकर्ता हेमलता सिंह ,सीमा यादव, गायत्री देवी, रचना शर्मा, राहुल सिंह, सरोज यादव, किरण यादव ,पूजा यादव, सुमित्रा सिंह, माधुरी यादव, मंजू सिंह, नीतू अवस्थी, सविता त्रिवेदी, अनीता वाजपेई, पंकज कुमार, विशाल लोधी, रेनू पाटिल, पाठक जी, गरिमा, योगिता ,कंचन आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आईपीएल की नीलामी सूची में शामिल हुआ गोरखपुर का यह खिलाड़ी

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर के कोच ज्वाला सिंह की देखरेख में तेज गेंदबाजी का गुर सीखने वाले अनुनय सिंह को इंडियन प्रीमियर लीग की नीलामी (ऑक्शन) सूची में शामिल किए जाने से गोरखपुर के खिलाड़ियों में हर्ष है। बीसीसीआई ने अनुनय के लिए 20 लाख का बेस प्राइज तय किया है। 12–13 फरवरी को बंगलुरु में आयोजित नीलामी में खिलाड़ियों की



बोली लगेगी। अनुनय का चयन 24 दिसंबर 2020 को नागपुर में राजस्थान रायल के ट्रायल कैंप में बेहतर प्रदर्शन के आधार किया गया है। अनुनय वर्ष 2020 में रेलवे क्रिकेट ग्राउंड पर आईपीएल खिलाड़ी यशस्वी जायसवाल के कोच ज्वाला सिंह की देखरेख में अभ्यास कर चुके हैं। अनुनय के पिता एएन सिंह गोरखपुर पीएसी की 26वीं वाहिनी में प्रतिसार निरीक्षक पद से सेवानिवृत्त हैं। अनुनय का चयन वर्ष 2018–19 में बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के लिए हुआ था। तब से लेकर अब तक नौ विजय हजारे, एक रणजी व एक सैयद मुश्ताक अली ट्राफी वह खेल चुके हैं।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

*–सुविचार–*

**योगी न बन सकें तो उपयोगी अवश्य बनें।**

*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

## सम्पादकीय

# चुनावी मौसम : विपक्ष को एक अटल की जरूरत

आप पंजाब और गोवा में एक ताकत के रूप में उभर सकती है। ममता के अलावा वही एक मात्र ऐसे राजनेता हैं, जिन्होंने मोदी–शाह की जोड़ी को एक बार नहीं, बल्कि दो बार हराया है! 136 साल पुरानी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अभी तीन राज्यों में सरकारें हैं और तीन अन्य राज्यों में वह कनिष्ठ सहयोगी है। लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर अब भी उसके पास बीस फीसदी वोट है।

युद्ध के मैदान में अक्सर, सेना और हथियारों के आकार से अधिक साहस, समझदार रणनीति और प्रेरक नेतृत्व काम आता है। इतिहास में ऐसे कई उदाहरण हैं, जब साहसी नेताओं ने हार के जबड़े से जीत छीन ली। मई, 2021 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी ने इसे सच साबित किया था। उनके सामने थे, मुखर वक्ता और ऊर्जा से लबरेज लोकप्रिय प्रधानमंत्री मोदी, उनके सयाने संगठनकर्ता सहयोगी अमित शाह, जमीन पर मौजूद आरएसएस का भरपूर संसाधन तथा केंद्र सरकार की ताकत।

इससे अप्रभावित ममता ने प्लास्टर चढ़ी टांग के साथ व्हील चेयर पर बैठकर प्रचार किया और 'खेला होबे' की थीम पर अभियान चलाकर अपराजेय दिख रही मोदी–शाह की जोड़ी को परास्त कर दिया। उन्होंने मीडिया के गढ़े मिथक को ध्वस्त कर तीसरी बार जीत दर्ज की। भाजपा को हराने की महत्वाकांक्षा रखने वाले विपक्षी दल इसका अनुसरण कर सकते हैं। बशर्ते कि वे अपने मतभेदों को खत्म करें, अपने अहंकार को त्याग दें और जमीनी सच्चाई को स्वीकार करते हुए इस तर्ज पर नेतृत्व को स्वीकार करें कि, जो जीता वही सिकंदर, तभी वह भाजपा को चुनौती दे सकेंगे। आइये जरा विपक्षी दलों के नेताओं पर गौर करते हैं।

नवीन पटनायक ओडिशा के सबसे लंबा कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री हैं, और उनका पांचवा कार्यकाल चल रहा है। उनके बीजू जनता दल ने 2014 में जब मोदी ने दिल्ली की अपनी पारी शुरू की थी, राज्य की 20 में से 21 लोकसभा सीटें जीती थीं। लेकिन 2019 में उनकी सीटें घटकर 12 रह गईं। उन्होंने पंचायत में महिलाओं के लिए पचास फीसदी आरक्षण शुरू किया और पिछले लोकसभा चुनाव में पार्टी की 33 फीसदी टिकटें महिलाओं को दी थी। राज्य की अर्थव्यवस्था आगे बढ़ी है और प्रति व्यक्ति आय में भी वृद्धि हुई है, लेकिन ओडिशा के कई हिस्से आज भी भीषण गरीबी से जूझ रहे हैं।

76 वर्षीय नवीन पटनायक ने लंबी पारी के बावजूद खुद को ओडिशा तक सीमित रखा है। एम. के. स्टालिन ने हालांकि तमिलनाडु में राजनीतिक जगह मजबूती से बनाई है, लेकिन उनका प्रभामंडल एमजीआर या करुणानिधि या जयललिता जैसा नहीं है। आंध्र प्रदेश में जगन मोहन रेड्डी और तेलंगाना में चंद्रशेखर राव उभरते हुए मजबूत नेता हैं। तीनों का अपने–अपने राज्य में काफी दबदबा और राजनीतिक महत्व है, लेकिन उनमें से कोई भी राष्ट्रीय नेता नहीं है।

महाराष्ट्र के तीन बार मुख्यमंत्री रहे 81 वर्षीय शरद पवार केंद्रीय रक्षा और कृषि मंत्री भी रहे हैं। वह आज देश के वरिष्ठतम नेताओं में से हैं, जो इंदिरा गांधी के समय से राजनीति में हैं। उनके पास अनुभव है और वह मंझे हुए राजनेता हैं, लेकिन उनका समय बीत चुका है। अपने राजनीतिक करिअर के इस मोड़ पर वह किंग मेकर तो हो सकते हैं, किंग नहीं। अखिलेश यादव अपने पिता की छाया से बाहर निकल आए हैं, और अभी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को चुनौती दे रहे हैं।

हालांकि उन्होंने तीन कैबिनेट मंत्रियों और एक दर्जन विधायकों को भाजपा से सपा में शामिल कर भाजपा नेतृत्व को बड़ा झटका दिया है, लेकिन उनके छोटे भाई की पत्नी अपर्णा यादव के भाजपा में शामिल होने से सपा का उत्साह ठंडा पड़ गया। विकास के एजेंडे को दरकिनार कर भाजपा और सपा दोनों ही अन्य पिछड़ा वर्ग की कुछ निश्चित जातियों और दलित समुदायों को लुभाने में जुटी हुई हैं। 2024 में अखिलेश की क्या भूमिका होगी, यह इस पर निर्भर होगा कि आगामी विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी कैसा प्रदर्शन करती है।

बसपा सुप्रीमो मायावती असमान्य रूप से शांत हैं, शायद भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों में मुकदमे की आशंकाएं उनका पीछा नहीं छोड़ रही हैं। राजधानी दिल्ली की सांविधानिक सीमाओं में बंधे होने, जहां उपराज्यपाल ही वास्तविक प्रशासनिक प्रमुख हैं, और गृह मंत्रालय द्वारा लगातार पर कतरे जाने के बावजूद अरविंद केजरीवाल अपने ढंग की राजनीति को ही आगे बढ़ा रहे हैं। उनकी जनकेंद्रित नीतियों के कारण आप का एक आधार बना हुआ है। इसके अलावा, उन्हें अपनी अपील को व्यापक बनाने और अपनी हिंदू साख को रेखांकित करने के लिए भाजपा की विचारधारा का अनुसरण करने से परहेज नहीं है।

आप पंजाब और गोवा में एक ताकत के रूप में उभर सकती है। ममता के अलावा वही एक मात्र ऐसे राजनेता हैं, जिन्होंने मोदी–शाह की जोड़ी को एक बार नहीं, बल्कि दो बार हराया है! 136 साल पुरानी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अभी तीन राज्यों में सरकारें हैं और तीन अन्य राज्यों में वह कनिष्ठ सहयोगी है। लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर अब भी उसके पास बीस फीसदी वोट है। राष्ट्रीय सर्वेक्षणों में आश्चर्यजनक रूप से नरेंद्र मोदी के बाद राहुल गांधी दूसरे पसंदीदा नेता के रूप में उभरे हैं।

दुर्भाग्य से, पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी पर उनके तीखे हमलों और ऊर्जावान चुनाव अभियानों ने उनकी पार्टी की मदद नहीं की है, जिसे पश्चिम बंगाल और दिल्ली के विधानसभा चुनावों में शून्य और 2019 में उत्तर प्रदेश में एक अकेली संसदीय सीट मिली। साफ है कि वह कांग्रेस का दांव जीतने वाला घोड़ा नहीं हैं। भारतीय लोकतंत्र को एक मजबूत विपक्ष की जरूरत है। सिर्फ सपने देखने से कुछ नहीं होगा। इसके लिए विपक्षी दलों को साथ आना होगा और खुद को भाजपा के विश्वसनीय विकल्प के रूप में प्रस्तुत करना होगा।

स्वाभाविक रूप से उन्हें एक परिपक्व, अनुभवी, कल्पनाशील और प्रेरणादायी नेता की जरूरत होगी, जो समझदार रणनीति के साथ साझा उद्देश्य को आगे बढ़ा सके। विपक्ष को एक अटल बिहारी वाजपेयी की जरूरत है! 2011 में पश्चिम बंगाल के चौंतीस वर्ष पुराने कम्युनिस्ट शासन को सत्ता से बाहर करने वाली ममता संभावित नेता हो सकती हैं। वह केंद्र में रेलवे और खनन सहित कई मंत्रालय भी संभाल चुकी हैं। वह बांग्ला और अंग्रेजी के साथ ही हिंदी बोल लेती हैं। वह राष्ट्रीय कद की नेता हैं और उनके पास प्रशासनिक अनुभव और विपक्ष का नेतृत्व करने के लिए लड़ने का अदम्य हौसला है। इन सबसे ऊपर, उन्हें राहुल और केजरीवाल तक पहुंच बनानी होगी और उनका समर्थन हासिल करना होगा। क्या वह ऐसा करेंगी?

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## युवती की हत्या कर बोरे में फेंकी मिली लाश : गांव में मचा हड़कंप

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर में दिल दहला देने वाली घटना समाने आई है। यहां झंगहा इलाके के भगने तटबंध पर प्राथमिक विद्यालय के पास मंगलवार सुबह 22 वर्षीय एक युवती की लाश मिली है। हत्या कर युवती के शव को चादर में बांधकर फेंका गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, उसके शरीर पर बाहरी चोट के निशान नहीं है। वजह जानने के लिए पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शव की पहचान नहीं हो सकी है। जानकारी के मुताबिक, बंधे किनारे मंगलवार सुबह 9 बजे गांव के कुछ लोग गए थे। ग्रामीणों ने तटबंध के किनारे चदार में शव पड़ा देखा। पैर चादर के बाहर निकला हुआ था। लोगों ने सूचना डायल 112 व स्थानीय बरही चौकी की पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस अब युवती की पहचान में जुटी है। पुलिस युवती की फोटो बीट पुलिस अधिकारियों के व्हाटसएप ग्रुप व आसपास के गांवों में दिखा रही है। वहीं उसकी फोटो



आसपास के थानों व जिलों में भी भेजा गया है। पुलिस का मानना है कि युवती की हत्या कर उसके शव को यहां फेंका गया है। थानेदार झंगहा संतोष अवस्थी ने बताया कि 22 वर्षीय युवती का शव बरामद हुआ है। शरीर पर बाहरी चोट के निशान नहीं है। पहचान की कोशिश की जा रही है।

## सड़क हादसे में तीन की मौतः जिस घर में बहू के आने की मनाई जानीं थीं खुशियां वहां पसर गया मातम

गोरखपुर ब्यूरो : जिस घर में सोमवार को बहू के आने की खुशी मनाई जानी थी, उसमें हादसे की वजह से मातम पसर गया। हादसे में दूल्हे के पिता समेत तीन की मौत और चार के घायल होने की खबर मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। चारों तरफ लोगों के रोने की आवाजें सुनाई पड़ने लगीं। नम आंखों से लोग एक दूसरे को संभाल और सांत्वना दे रहे थे। वहीं, दूल्हा अपनी दुल्हन को छोड़कर पिता का शव लेने मेडिकल कॉलेज पहुंच गया। उसे समझ में नहीं आ रहा था कि कैसे खुद और परिवार वालों को संभाले। उधर, सुबह हाटा के पास हादसा होते ही खबर पूरे इलाके में फैल गई। पोहिला गांव से तमाम लोग मौके पर पहुंच गए। सभी घायलों को जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचाकर जिंदगी बचाना चाहते थे। दूल्हे के पिता की मौत ने दो घरों की खुशियों को मातम में बदल दिया। वहीं, 19 साल के विशाल की मौत की खबर के बाद उसकी मां बेहोश हो गई। किसी तरह से लोगों ने उन्हें संभाला। चार भाई–बहनों में सबसे बड़ा था विशाल। हादसे में मरने वाला विशाल चार भाई–बहनों में सबसे बड़ा था। बीए प्रथम वर्ष का छात्र था। उससे छोटी दो बहनें और एक भाई है। पिता वीरेंद्र मौर्या मजदूरी करते हैं। तेज आवाज सुनकर पहुंचे थे ग्रामीण कार और बस में टक्कर होने के बाद बहुत तेज आवाज हुई थी। गांव के रामदयाल गुप्ता, योगेंद्र शुक्ला, मुन्ना शाही ने बताया कि तेज आवाज सुनकर वह मौके पर पहुंचे थे। उस समय कुछ



भी दिखाई नहीं दे रहा था। चीख–पुकार सुनकर गए तो कार में सवार सभी लोग खून से लथपथ थे। पुलिस को बुलाकर किसी तरह से एंबुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल भेजा गया। शून्य दृश्यता और गलत साइड में कार जाने से हुआ हादसा सोमवार सुबह घने कोहरे की वजह से दृश्यता शून्य थी। ऐसी स्थिति में वाहनों की गति 20–25 किलोमीटर प्रति घंटा से अधिक होने पर हादसे का अंदेशा बढ़ जाता है। बताया जा रहा है कि कार गलत साइड में चली गई थी। गति तेज होने और दृश्यता शून्य होने की वजह से सामने से आ रही बस को कार चालक नहीं देख पाया। इसी तरह बस चालक भी अचानक सामने आई कार को नहीं देख पाया। इस कारण दोनों वाहनों में भीषण टक्कर हो गई।

## किसी के पास करोड़ों की संपत्ति तो किसी के ऊपर कई मुकदमें : जानें प्रत्याशियों की हैसियत

प्रयागराज ब्यूरो : विधानसभा चुनाव के मद्देनजर नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए सोमवार को कलेक्ट्रेट पर सबसे ज्यादा गहमा गहमी रही। दो दर्जन से अधिक प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। इसमें भाजपा, सपा, कांग्रेस, बसपा, जनसत्तादल, आम आदमी पार्टी के अलावा छोटे राजनैतिक दलों के भी प्रत्याशी शामिल रहे। इसके चलते शहर भर में चुनावी माहौल देखने को मिला। जुलूस और नारेबाजी के साथ प्रत्याशी नामांकन पत्र दाखिल करने पहुंचे। सोमवार को योगी सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी के अलावा भाजपा के विधायक प्रवीण सिंह पटेल, हर्षवर्धन बाजपेयी, प्रवीण पटेल, नीलम करवरिया, पूर्व विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, पीयूष रंजन निषाद, कांग्रेस से अनुग्रह नारायण सिंह, सपा से अंसार अहमद, अजय मुन्ना, बसपा से देवेंद्र मिश्र नगरहा, अपना दल एस से राकेशधर त्रिपाठी आदि ने पर्चा दाखिल किया। इस दौरान प्रत्याशियों ने चुनावी हलफनामें में अपनी संपत्ति का विवरण भी दिया। इसके अनुसार किसी की संपत्ति में कई गुना बढ़ोत्तरी हुई है तो किसी के ऊपर कई आपराधिक मामले हैं तो कोई कई वाहनों का मालिक है। नंदी से दो गुनी संपत्ति उनकी पत्नी अभिलाषा के पास शहर दक्षिण से भाजपा प्रत्याशी एवं कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी से दो गुनी संपत्ति उनकी पत्नी एवं प्रयागराज की मेयर अभिलाषा गुप्ता नंदी के पास है। सोमवार को दाखिल शपथपत्र में नंदी ने अपने पास 5.62 करोड़ की चल एवं 7.27 करोड़ की अचल संपत्ति दर्शाई है। उनकी पत्नी के पास 9.06 करोड़ रुपये की चल एवं 15.30 करोड़ की अचल संपत्ति है। चल और अचल संपत्ति को जोड़ लिया जाए तो नंदी के पास 12.89 करोड़ और मेयर के पास 24.36 करोड़ की संपत्ति है। नंदी के पास 940 ग्राम सोने के जेवरात हैं। इसकी कीमत 40 लाख



रुपये एवं अभिलाषा के पास 1550 ग्राम सोने के जेवरात हैं। इसकी कीमत 65 लाख रुपये हैं, एवं चार लाख की चांदी एवं उसके बर्तन भी उनके पास हैं। शपथपत्र में नंदी के पास 69 लाख की बीएमडब्ल्यू कार, 25 लाख की पसाट कार, और 23 लाख की महिंद्रा रेक्सटॉन रक्स और पत्नी के पास दो टीवीएस मोटर साइकिल, 15 लाख की फोर्ड इनवेडर कार है। नंदी के पास एक राइफल और पिस्टल हैं। इन दोनों की कीमत तीन लाख रुपये एवं पत्नी के पास भी इसी कीमत की राइफल और पिस्टल है। नंदी के ऊपर वर्ष 2014 तक नैनी थाने में तीन, मुट्ठीगंज में दो और कोतवाली एवं सिविल लाइंस थाने में एक–एक मुकदमा दर्ज है। नंदी के पास 1.94 लाख और अभिलाषा के पास 2.25 लाख रुपये नकद है। उनके ऊपर 81.29 लाख और पत्नी के ऊपर 426.99 लाख रुपये की देनदारी है।

### बाहुबली उमाकांत और उसके बेटों को हाईकोर्ट से राहत : वारंट पर लगाई रोक

प्रयागराज ब्यूरो : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बाहुबली उमाकांत यादव और उसके बेटों को राहत दी है। कोर्ट ने विशेष अदालत प्रयागराज द्वारा उनके खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट और कुर्की कार्रवाई पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने उन्हें अदालत में उपस्थित होकर जमानत के लिए अर्जी दाखिल करने का समय दिया है। कोर्ट ने उमाकांत यादव को 20 दिन में जमानत अर्जी दाखिल करने और कोर्ट को नियमानुसार उसे निस्तारित करने का निर्देश दिया है। मगर कहा है कि आदेश की अवहेलना की दशा में कोर्ट को गैर जमानती वारंट और कुर्की कार्रवाई करने की छूट होगी। इसी तरह उमाकांत यादव के बेटे दिनेश कुमार उर्फ सूर्यकांत और तीन अन्य की याचिका पर न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता ने तीन हफ्ते में हाजिर होकर जमानत अर्जी देने की मोहलत दी है। साथ ही तब तक गैरजमानती वारंट पर रोक लगा दी है। इन सभी के खिलाफ जौनपुर के शाहगंज थाने में कपट धोखाधड़ी के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई गई है। जमीन की खरीद–फरोख्त में धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया है। कोर्ट ने अंतरिम राहत देते हुए याचिकाएं निस्तारित कर दी है। इनका कहना था कि ट्रायल कोर्ट में वे हर तारीख पर हाजिर होते थे। मगर केस एमपीध्एमएलए विशेष अदालत प्रयागराज में स्थानांतरित होने की उन्हें जानकारी नहीं हुई। इस कारण वे हाजिर नहीं हो सके। वे अदालत में हाजिर होने को तैयार हैं। उन्हें ऐसा करने में संरक्षण दिया जाए।

## पुलिस कमिश्नरेट ठाकुरगंज पुलिस ने पकड़े नशे के 5 सौदागर : साढ़े 15 किलो गांजा बरामद

मृत्युन्जय प्रताप सिंहः लखनऊ : कमिश्नरेट के पश्चिम जोन की ठाकुरगंज पुलिस ने आज रिंग रोड चौकी के करीब टोयोटा कोरोला कार में रख कर गांजे के फुटकर विक्रेताओं के हाथ गांजा बेचने वाले नशे के पांच बड़े सौदागरों को गिरफ्तार कर उनकी गाड़ी से साढ़े 15 किलो गांजा और 6 लाख 44 हजार रुपए की नकदी बरामद की है । नशे के सौदागरों की कार से पुलिस ने वो इलेक्ट्रॉनिक कांटा भी बरामद किया है जिस कांटे से तोल के यह लोग गांजे के छोटे विक्रेताओं को गांजा बेचते थे । इंस्पेक्टर ठाकुरगंज हरि शंकर चन्द्र और रिंग रोड चौकी इंचार्ज राकेश चौरसिया ने पुलिस की टीम के साथ भुहर गांव ठाकुरगंज के रहने वाले गंगादास मौर्या, न्यू हैदरगंज ठाकुरगंज के रहने वाले अमरेंद्र कुमार उर्फ मोनू , सुल्तानपुर गढ़िया सहादतगंज के रहने वाले सूरज वर्मा , रईस नगर हुसैनाबाद ठाकुरगंज के रहने वाले चांद बाबू और निवाज गंज ठाकुरगंज के रहने वाले शिवम रस्तोगी को गिरफ्तार किया है । गिरफ्तार किए गए चांद बाबू के खिलाफ 13 मुकदमे पहले से दर्ज है और शिवम रस्तोगी के खिलाफ 6 मुकदमें दर्ज हैं । बताया जा रहा है कि गांजे की बड़ी खेप के साथ आज पकड़ा गया शिवम रस्तोगी उसी शातिर अपराधी महेंद्र रस्तोगी का भाई है जो 1 सप्ताह पूर्व ठाकुरगंज पुलिस की कस्टडी से भागने के प्रयास में पुलिस की गोली से घायल हुआ था। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज हरिशंकर चन्द्र ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों के पास से बरामद गांजा करीब डेढ़ लाख रुपए की कीमत का है और उनके पास से बरामद नकदी गांजा बेचकर ही एकत्र की गई थी । उन्होंने बताया कि पकड़े गए लोगों



ने यह बताया है कि यह गांजा ऊंचाहार मिर्जापुर और नेपाल बॉर्डर के आसपास के गांव से खरीद कर लाते थे और यहां फुटकर में बेचते थे उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए नशे के सौदागर काफी दिनों से गांजा बेचने का काम कर रहे थे और यह लोग गली मोहल्लों में फुटकर में गांजा बेचने वाले लोगों को गांजा बेचते थे । पुलिस की इस कार्यवाही से यह तो साफ हो गया है कि ठाकुरगंज क्षेत्र में नशे के आदी लोगों को नशे के सौदागर गांजे की पुड़िया बेच रहे हैं क्योंकि आज पकड़े गए नशे के सौदागरों ने यही बताया है कि वो लोग यहां खड़े होकर फुटकर में गांजा बेचने वालो को गांजा बेचने का प्रयास कर रहे थे। बाहरहाल ठाकुर गंज की इस कामयाबी को छोटी कामयाबी नहीं कहा जा सकता है लेकिन यह जरूर है कि पुलिस को यह पता लगाना चाहिए कि नशे के सौदागर जहां से गांजा भारी मात्रा में लाकर क्षेत्र में फुटकर में बेचते थे उन बड़े नशे के सौदागरों पर शिकंजा कसा जाए ताकि नशे की तस्करी रोकी जाए और नशे के कारोबार पर पूरी तरह से लगाम लगाई जा सके।

## सहजनवां से मनोज यादव व चिल्लूपार से सोनिया शुक्ला कांग्रेस प्रत्याशी

गोरखपुर ब्यूरो : कांग्रेस ने गोरखपुर–बस्ती मंडल के प्रत्याशियों की एक और सूची जारी कर दी है। गोरखपुर, कुशीनगर व सिद्धार्थनगर में कुल नौ प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारे गए हैं। इनमें दो महिलाएं शामिल हैं। कांग्रेस ने सोमवार को जो सूची जारी की है, उसके मुताबिक चिल्लूपार विधानसभा क्षेत्र से सोनिया शुक्ला को प्रत्याशी बनाया गया है। सोनिया ने 2017 का विधानसभा चुनाव इसी सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में लड़ा था। सहजनवां विधानसभा क्षेत्र से मनोज यादव को कांग्रेस प्रत्याशी बनाया गया है। मनोज ने कुछ दिन पहले ही सपा छोड़कर कांग्रेस का दामन थामा था। वह सपा सरकार में दर्जा प्राप्त मंत्री रहे जगदीश यादव के बेटे हैं। सहजनवां विधानसभा क्षेत्र से टिकट मांग रहे थे, लेकिन सपा ने दूसरे प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतार दिया। बांसगांव (सुरक्षित) विधानसभा क्षेत्र से पूनम आजाद को प्रत्याशी बनाया गया है। चौरीचौरा विधानसभा क्षेत्र से जितेंद्र पांडेय को चुनाव मैदान में उतारा गया है। कैंपियरगंज से सुरेंद्र निषाद चुनाव लड़ेंगे। इसी तरह कुशीनगर की पडरौना सीट से मोहम्मद जहीरुद्दीन प्रत्याशी बनाए गए हैं। इससे पहले मनीष जायसवाल को प्रत्याशी बनाया गया था, लेकिन मनीष ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया था। मनीष अब भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। कुशीनगर की फाजिलनगर सीट से सुनील मनोज सिंह प्रत्याशी बने हैं। फाजिलनगर से ही पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य सपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। सिद्धार्थनगर की कपिलवस्तु (सुरक्षित) सीट से देवेंद्र सिंह गुड्डू प्रत्याशी बनाए गए हैं।

## सभी विधानसभा क्षेत्रों की सीमाओं पर भी निगरानी तेज : कंट्रोल रूम से रखी जा रही नजर

गोरखपुर ब्यूरो : चुनाव के मद्देनजर जिले के साथ ही सभी नौ विधानसभा क्षेत्रों की सीमाओं पर भी निगरानी तेज कर दी गई है। संदिग्ध लोगों, वाहनों की नियमित चेकिंग की जा रही है। यहीं नहीं, सभी उड़न दस्तों की टीमों (एफएसटी) की भी कलेक्ट्रेट स्थित निर्वाचन कंट्रोल रूम से निगरानी की जा रही है। इसके लिए सभी टीमों के वाहनों में जीपीएस लगाया गया है। ये टीमें कब, कहां, कितने देर रह रही हैं, इन सब की जानकारी कंट्रोल रूम प्रभारी एडीएम प्रशासन के पास रह रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी का कहना है कि चुनाव शांतिपूर्ण कराने के लिए हाईटेक सिस्टम का सहारा लिया जा रहा है। ताकि, चुनाव में पल–पल की जानकारी मिलती रहे। जीपीएस के जरिए अधिकारी अपनी सुविधा अनुसार यह पता कर लेंगे कि कौन सी टीम किस जगह पर भ्रमण पर है। उसकी रिपोर्टिंग किन क्षेत्रों की है और वाहन में लगे जीपीएस क्या स्टेटस बता रहे हैं। एफएसटी की तीन टीमें हर विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण कर रही हैं। कुल 27 टीमें



बनाई गई हैं। इन्हें आठ–आठ घंटे के अंतराल पर 24 घंटे क्षेत्र में भ्रमण करते रहना है। इनका उद्देश्य राजनीतिक पार्टियों, प्रत्याशियों की हर गतिविधि पर नजर रखना है। उन्होंने बताया कि जीपीएस लगाए जाने का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि अगर चुनाव कंट्रोल रूम में कहीं से किसी प्रकार की आचार संहिता के उल्लंघन की सूचना मिलती है तो जीपीएस के जरिए एफएसटी को ट्रैक कर लोकेशन पर भेज दिया जाएगा। इससे सरकारी मशीनरी को काफी राहत मिलेगी।

## एमबीबीएस के दो छात्रों समेत 30 मिले कोरोना संक्रमित : सक्रिय मरीजों की संख्या हुई 639

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर में कोरोना संक्रमण के मामले अब कम होते जा रहे हैं। सोमवार को कोरोना के केवल 30 नए मरीज मिले हैं। राहत की बात यह है कि किसी संक्रमित मरीज की मौत नहीं हुई है। संक्रमितों में एमबीबीएस के दो छात्र, दो बालक और एक किशोरी शामिल हैं। वहीं, 44 लोगों ने कोरोना को मात दी है। इसके बाद से सक्रिय मरीजों की संख्या 639 हो गई है। जानकारी के मुताबिक, एम्स में एमबीबीएस के दो छात्र, कौड़ीराम पांडेय की रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी, कौड़ीराम में छह साल का बच्चा, बड़हलगंज में 10 साल का बच्चा संक्रमित मिला है। इनके अलावा जिला कारागार में एक, रेलवे स्टेशन पर एक यात्री, तिवारीपुर में एक ही परिवार के दो लोग, रामजानकी नगर में एक ही परिवार के दो लोग पॉजिटिव पाए गए हैं। सीएमओ डॉ आशुतोष कुमार दुबे ने बताया कि पहली लहर से लेकर अब तक 66,334 लोग संक्रमित हो चुके हैं। 64,838 लोगों ने कोरोना को मात दे दी है। 857 की मौत हो चुकी है। उन्होंने लोगों से कोरोना का टीका लगवाने की अपील की है। 22 हजार से अधिक को लगा कोरोनारोधी टीका गोरखपुर जिले में कोरोना टीकाकरण के लिए सोमवार को 300 से अधिक बूथ बनाए गए थे। इन बूथों पर 22 हजार से अधिक को कोरोना का टीका लगाया गया। इनमें पहली डोज के लिए छह हजार से अधिक और दूसरी डोज के लिए 13 हजार से अधिक लोग बूथों पर पहुंचे थे। इसी क्रम में, स्वास्थ्य विभाग ने सहारा स्टेट आवासीय कल्याणकारी समिति के साथ टीकाकरण के लिए बूथ बनाए थे। इसमें 103 लोगों को कोरोना का टीका लगाया गया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष डॉ एपी त्रिपाठी, संजोग सिंह, शंभू नाथ राय, त्रिभुवन सिंह, एसबी सिंह, मानवी मिश्रा, स्वास्थ विभाग की डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, पुष्पा गुप्ता, विनय कुमार, अर्चना शर्मा आदि मौजूद रहे।

## भिदूना गाँव मे चोरो ने बंद मकान से लाखो को माल चुराया

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव :भिदूना गाँव मे खाली मकान मे चोरो ने बीती रात नगदी आभूषण कपडे सहित लाखो रुपये का माल चुरा लिया सुबह चोरी की जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दी गयी तो मौके पर पहुची पुलिस जांच मे जुट गयी। मीरगंज थाना के ग्राम पंचायत भिदुना (टइयापुर )निवासी रामनारायण यादव पुत्र सुख नन्दन परिवार सहित मुम्बई रहते है उनके मकान मे कोई नही रहता है रविवार रात चोरो ने उनके मकान का ताला तोड़कर सात कमरो के अन्दर रक्खे पेटी बक्सा अटैची उठा ले गये सुबह तालाब के किनारे सामान बिखरा मिलने पर लोगो को शक हुआ तो देखा की राजनारायण का ताला टूटा है तो उनके भतीजे अरुण यादव ने इसकी जानकारी डायल 112 पुलिस को दी तो मौके पर पहुची पुलिस जांच मे जुट गयी राजनारायण यादव के भतीजे अरुण यादव तहरीर ने तहरीर देकर बताया है की डेढ तोला की सोने की चौन , चार ग्राम की अनूठी, 45 हजार नगदी, घर के सारे पीतल के वर्तन चोरी हुए है लगभग ढाई लाख की चोरी हुई है अटैची व सूटकेस तालाब के किनारे टुटे हाल मे मिले है। सूचना मिलने पर मीरगंज पुलिस मामले की जांच मे जुट गयी है दो दिन पहले भी रामपुर खुर्द गाँव मे चोरो वृजेश यादव के घर से 4 लाख के आभूषण चुरा लिया था दो दिन के भीतर दूसरी चोरी करके चोरो ने पुलिस को चुनौती दे डाली है।

## होंडा एजेंसी व बेल्डिंग कारखाना से लाखों की चोरी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : चंदवक क्षेत्र के पतरही कोपा बाजार में स्थित शिव ऑटो मोबाइल होंडा एजेंसी व सौम्या स्टील बेल्डिंग कारखाना में पीछे से घुसे चोरों ने रविवार रात बेल्डिंग मशीन, कटिंग मशीन होंडा बाइक के पार्ट सहित लगभग पांच लाख रुपए से ज्यादा सामान चुरा ले गए।सुबह दुकान खुलने पर जानकारी हुई तो सूचना पुलिस को दी गई।पुलिस सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से मामले की जांच पड़ताल कर रही है। क्षेत्र के पतरही कोपा बाजार में चांदेपुर गांव निवासी प्रवीण सिंह मोनू की शिव ऑटोमोबाइल होंडा एजेंसी व सौम्या स्टील कारखाना बेल्डिंग की दुकान है। रविवार रात चोर पीछे से घुसकर दुकान के अंदर रखें दो बेल्डिंग मशीन, बेल्डिंग राड, कटिंग मशीन, बैटरी, स्पाइंडर मशीन, लैपटॉप, वाईफाई टैब व होंडा एजेंसी के अंदर से काफी मात्रा में स्पेयर पार्ट चुरा ले गए।जिसकी कीमत लगभग पांच लाख से ऊपर बताई जा रही है। सुबह जब स्टॉप दुकान खोलने के लिए आया तो घटना की जानकारी हुई। सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस निरीक्षण करने के बाद सीसी फुटेज के माध्यम से पूरे घटनाक्रम की जांच पड़ताल कर रही है।भुक्तभोगी ने घटना की लिखित सूचना पुलिस को दे दी है। चंदवक थानाध्यक्ष राजाराम द्विवेदी ने बताया की सूचना मिला मौके पर पहुंचकर सीसी फुटेज कैमरा से जांच किया जा रहा है, आवश्यक कार्रवाई चल रही है।

## भगवान श्रीकृष्ण ने किया पूतना का उद्धार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव :उमरी कला गांव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में कथा वाचक अखिलेश चंद्र पाण्डेय ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का प्रसंग सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव–विभोर कर दिया। कथा व्यास ने कहा कि प्रेम हो या द्वेष, लोभ हो या फिर मोह किसी भी भावना से यदि प्रभु से संबंध जुड़ जाए तो भगवान उसे अपनी शरण में ले लेते हैं। कृष्ण जन्म के बाद कंस को अपनी मृत्यु का भय सताने लगा और वह उन्हें पागलों की तरह ढूढ़ रहा था। श्री पाण्डेय ने कहा कि एक दिन उसने पूतना नाम की राक्षसी को गोकुल धाम में भेज दिया। पूतना ने अपने स्तन में कालकूट विष लगाकर भगवान श्रीकृष्ण को अपनी गोद में ले लिया और उन्हें स्तनपान कराने लगी। वह बालकृष्ण को लेकर आकाश मार्ग से उड़ने लगी। धीरे–धीरे प्रभु जब दुग्ध के साथ उसके प्राणों को भी पीने लगे तो चीखने–चिल्लाने लगी। प्रभु ने मुष्टिका प्रहार कर उसका अंत कर दिया। कथा व्यास ने जब पूतना वध की कथा सुनाई तो पूरा पंडाल जय श्रीकृष्ण के उद्घोष से गूंज उठा। इस अवसर पर अनिल सिंह, आशुतोष सिंह, आनंद शर्मा, श्रीप्रकाश पाण्डेय, शरदेंदु शर्मा, जगजीवन प्रसाद शर्मा, आदि उपस्थित रहे। आयोजक जटाशंकर शर्मा ने आगुंतकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## महिला मोर्चा ने सदर प्रत्याशी गिरीश चंद्र यादव की समर्थन में किया घर–घर जनसंपर्क

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियां जोरों पर है प्रथम चरण के चुनाव संपन्न हो चुके हैं वही जनपद जौनपुर में सातवें चरण में मतदान होना है ऐसे में विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा मतदाताओं को रिझाने का कार्य किया जा रहा है। कोविड–19 महामारी को देखते हुए जनसभाओं रैलियों और बाइक जुलूस आदि पर रोक लगा हुआ है ऐसे में प्रत्येक प्रत्याशी मतदाताओं के घर–घर पहुंचकर उन्हें अपनी जीत के लिए आश्वस्त करते हुए अपने पक्ष में वोट मांगने का कार्य कर रहे हैं। इसी क्रम में आज भारतीय जनता पार्टी के सदर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी गिरीश चंद यादव के पक्ष में जिला महिला मोर्चा के पदाधिकारियों द्वारा नगर के दक्षिणी क्षेत्र के नखास, रुहट्टा ,काली कुट्टी ,परमानंतपुर पॉलिटेक्निक आदि क्षेत्रों में घर–घर लोगों से मुलाकात कर चौपाल लगाते हुए लोगों को योगी सरकार के पांच साल के कार्यकाल के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी गिरीश यादव के पक्ष में वोट करने की अपील किया गया। पार्टी के प्रचार के लिए छत्तीसगढ़ से महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री शैलेन्द्री परनिहा व



प्रदेश सदस्य छत्तीसगढ़ सुमन प्रभा ने जनपद इकाई की महिला मोर्चा की महामंत्री विमला श्रीवास्तव महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष प्रियंका श्रीवास्तव नगर अध्यक्ष सीमा तिवारी के साथ विभिन्न कालोनियों में भ्रमण कर योगी सरकार द्वारा आम जनता के लिए किए गए तमाम योजनाओं और उनसे मिलने वाले लाभ के बारे में विस्तार पूर्वक बताते हुए एक बार पुनः योगी सरकार को पूर्ण बहुमत से सत्ता में लाने के लिए लोगों से अपील किया।

## मंडप तक कैसे पहुंचेंगे दूल्हा–दुल्हन : आज और कल होने हैं 600 विवाह समारोह

मेरठ ब्यूरो : किसी के घर में बच्चा बीमार है, तो कोई निजी वाहन से अस्पताल में परिवार के सदस्य को छोड़कर आया है। बस मालिकों ने विवाह के लिए 10 फरवरी तक की गई बुकिंग को कैंसल कर दिया है। स्कूलों से बच्चों को लाने के स्थान पर ड्राइवर बसों को लेकर अब प्रशासनिक अधिकारियों के आदेश के इंतजार में है। शहर में बाहर के जिले और प्रदेशों से आने वाली गाड़ियों को भी अधिग्रहित किया जा रहा है। यह नजारा 7 बजे से पुलिस लाइन और कैलाश प्रकाश स्पोर्ट्स स्टेडियम में देखने को मिला। शहर में 10 फरवरी को मतदान है। वहीं, 8 और 10 फरवरी को विवाह का बड़ा मुहूर्त है। 10 फरवरी को शहर में करीब 600 विवाह समारोह होंगे। चुनाव के चक्कर में बरातियों को ले जाने के लिए बसें ढूंढने से भी नहीं मिल रही हैं। ज्यादातर बसों को अधिग्रहित कर लिया गया है। जिला प्रशासन की ओर से 1200 निजी वाहन स्वामियों को भी नोटिस भेजे गए हैं। निजी वाहन स्वामियों के साथ चालकों की भी परेशानी काफी बढ़ गई है। ट्रांसपोर्ट व्यापारियों को 25 लाख का घाटा शहर में 8 और 10 फरवरी के लिए बस और टैक्सी की बुकिंग की गई थी। श्री ट्रांसपोर्ट के संचालक दिनेश कुमार ने बताया कि ज्यादातर ट्रांसपोर्टरों के वाहन अधिग्रहित कर लिए गए हैं। ऐसे में दो दिन की बुकिंग प्रभावित हुई है। इससे लगभग 25 लाख रुपये का घाटा हुआ है। भाई के निकाह में बढ़ी परेशानी भाई परवेज का निकाह 9 फरवरी को होना है। बागपत, शामली सहित अन्य जगहों से रिश्तेदार आने हैं। वाहनों की कमी से व्यवस्था प्रभावित हो गई है। – मोहम्मद रहीस, निवासी औरंगाबाद रसूलपुर क्षेत्र की गाड़ियां अधिगृहीत हमारे गांव में 40 गाड़ियां हैं, सभी को अधिग्रहित कर लिया गया है। आपात स्थिति में गांव से मरीज को लेकर अस्पताल ले जाने के लिए भी कोई व्यवस्था नहीं हो पाएगी। – साजिद निवासी रसूलपुर बच्चे–पत्नी बीमार, वाहन की आरसी ले ली मोदीपुरम स्थित आर्य व्रत अस्पताल में मामी मालती अग्रवाल को भर्ती कराया है। घर में बच्चे और पत्नी बीमार हैं। दिल्ली से मेरठ अस्पताल में भर्ती कराने आया था और गाड़ी की आरसी रख ली गई। – राजा अग्रवाल, निवासी दिल्ली पंचायत चुनाव का भी पैसा नहीं मिला पंचायत चुनाव में भी चार दिन के लिए गाड़ी ले ली गई पर कोई पैसा नहीं दिया। चार दिन तक गाड़ी के विषय में कोई देखने वाला नहीं है। अब एक बार फिर नोटिस आ गया है। – सतेंद्र कुमार, निवासी लालपुर, खरखौदा

## सोनपुरा माइनर पुलिया में फंसे मृतक पशु से उठ रही दुर्गन्ध : विभाग मौन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के सोनपुरा नहर माईनर पुलिया मे कई दिन से फंसे मृतक पशु की भयंकर दुर्गन्ध से राहगीरो का चलना दूभर है वही बस्ती के लोग परेशान है बावजूद विभाग चुप्पी साधे मौन है ! महराजगंज विकास खण्ड क्षेत्र के विझवट सोनपुरा सरादुर्गादास के बीच से होकर जाने वाली शारदा सहायक नहर खण्ड 36 से निकली विझवट– बासूपुर माइनर मे जब जब पानी आता है तब तब पानी बहाव के साथ सोनपुरा पुलिया के बंधे में आये दिन मृतक पशुओ फंसते रहते है !सड़े मृतक पशुओ की दुर्गन्ध से अगल बगल काफी दूर तक वातावरण दूषित होता है करीब तीन चार दिन से उसी सोनपुरा पुलिया मे मृतक अटका पशु फिर एक बार दुर्गन्ध का पर्याव बना है ! जिस कारण माइनर की सड़क पटरी होकर आना जाना दूभर है बगल बस्ती के लोग उठ रहे दुर्गन्ध परेशान है ग्रामीण पंकज कुमार राकेश पटेल विजय सिह कन्हई जैसे दर्जनो लोगो का कहना है कि सोनपुरा माइनर पुलिया पर पानी स्पीड ब्रेकर बने होने के कारण आये दिन ऐसी समस्या होती रहती है जब जब माइनर मे पानी आता है तब तब दो चार मृतक पशु पुलिया ब्रेकर पर अटके पडे मिलते है जिसमे बहुत ही तेज दुर्गन्ध निकलती है ! फंसे सडे पशु की मांस को आवारा कुत्ते नोच कर खाते रहते है वही कुत्ते गॉवो मे टहल कर बीमारी भी फैसाते है ! समस्या निदान हेतु विभाग भी कदम उठाने के लिये तैयार नही है जिस कारण वातावरण दूषित रहता है ! सम्बन्धित विभाग सब कुछ जानते हुए भी चुप्पी साधे है !इस सम्बन्ध मे ग्राम पंचायत अधिकारी ज्योति सिह क पति शीवेन्द्र सिह जहॉ पशु विभाग पर ठीकरा फोड़ते है वही पशु चिकित्साधिकारी महराजगंज अनवर खां ग्राम पंचायत को जिम्मेदार ठहराते अपना पल्ला झाड़ रहे हैं ऐसी स्थिति मे मृतक पशुओ का सड़ना गलना स्वाभाविक है विभाग की लापवाही से आम जनमानस परेशान है!

## निर्माणाधीन सड़क पर ओभर लोड बालू लदी ट्रक धंसने से दिन भर रहा आवागमन बाधित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : महराजगंज की तरफ से आ रही बालू लदी ओवर ट्रक गद्दोपुर बाजार निमाणाधीन आरसीसी की दाई पटरी पर धस कर फस जाने के कारण रविवार दिन भर आवागमन बाधित रहा ! बस जीप चार चक्का वाहनो को रूट बदलकर जाना पडा! देर शाम बालू लदे ट्रक को खाली कर जाम से निजात दिलाई गयी ! गद्दोपुर बाजार मे इन दिनो पीडब्लूडी द्वारा आरसीसी कार्य बारी बारी से एक एक पटरी पर तेजी गति से चल रहा है ! दूसरी खाली पटरी पर आवागमन संचालित है बाजार गद्दोपुर सकरी होने के कारण रविवार सुबह महराजगंज की तरफ से आ रही ओवरलोड बालू लदी ट्रक बडौदा यूपी बैक के सामने सुरेश गुप्ता के मकान के सामने लगे टिन सेड से सटे ढाई तीन फिट ट्रक बुरी तरह धंस गयी! संयोग अच्छा रहा कि ट्रक पलटने से बाल बाल बच गयी ! ट्रक फंसने के कारण रविवार दिन भर राजाबाजार महराजगंज मार्ग का आवागमन बाधित रहा देर शाम ट्रक पर लदी बालू को ट्रैक्टर द्वारा खाली कराते हुए फंसे ट्रक को बाहर निकाला गया!

## वोटर अड्डा : शिक्षित ईमानदार और स्वच्छ छवि वाले को चुनेगे अपना जनप्रतिनिधि

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुंगरा बादशाहपुर विधान सभा की महिला मतदाता ऐसे जनप्रतिनिधि को चुनना चाहती हैं जो शिक्षा, रोजगार, बिजली ,पानी, सड़क, स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं प्रदान प्रदान करने की सोच रखता हो। जाति और धर्म के नाम पर नहीं बल्कि प्रत्याशियों के कर्म के आधार पर बटन दब आएंगे।वह किसी लालच और भावनाओं में बहकर मतदान नहीं करेंगे बल्कि प्रत्याशी की छवि व व्यवहार को देखकर मतदान करेंगे। ऐसे प्रत्याशी को वह अपना मत देंगी जो मुंगराबादशाहपुर विधानसभा और जनता के हित में काम करें। देश में बेरोजगारी चरम सीमा पर है बेरोजगारी भी एक हद तक अपराध को बढ़ावा देती है अगर युवाओं को रोजगार मिलेगा तो देश और प्रदेश का भी विकास होगा। अनुष्का गुप्ता –चुनाव जीतने के लिए राजनीतिक दल और प्रत्याशियों की ओर से मतदाताओं को लालच देने का प्रयास किया जाता है हम लालच में मतदान नहीं करेंगे अपने मन का प्रत्याशी चुनेंगे जो बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य व रोजगार जैसी सुविधाओं के साथ बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराएं। आदिति गुप्ता– समय समाज में शिक्षा और चिकित्सा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए जाने की जरूरत है जो दल और प्रत्याशी शिक्षा व चिकित्सा पर बात करेगा उसको चुनेंगे प्रत्याशी का आकलन करने के बाद ही मतदान करेंगे महिलाओं के साथ जघन्य अपराध हो रहे हैं इस पर पूरी तरह अंकुश लगाने की आवश्यकता है महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के साथ अपराधियों को कड़ी सजा दिलाने की सोच रखने वाले जनप्रतिनिधि का चुनाव करूंगी। –पूजा जायसवाल। ऐसे प्रत्याशी का चुनाव करूंगी जो अपने क्षेत्र और जनता की समस्याओं से परिचित हो हर व्यक्ति तक उसकी पहुंच होनी चाहिए जनता की समस्याएं के समाधान के लिए संघर्षरत हो दो सदन में हमारे क्षेत्र की समस्याओं को उठाकर निराकरण करें ऐसे ईमानदार व निष्ठावान व्यक्ति को अपना जनप्रतिनिधि चुनेंगे। –महिमा गुप्ता शिक्षा का जीवन में बहुत महत्व है चाहे वह गांव का पंच सरपंच या फिर विधायक, सांसद या पार्षद ही क्यों ना हो यही सांसद मंत्री बन कर देश की बागडोर अपने हाथ में लेकर विकास कार्य करने में सक्षम होंगे।मै अपने क्षेत्र मे ऐसे जनप्रतिनिधि का चयन करूंगी जो विकास को तरजीह देने वाला हो। –मुस्कान गुप्ता मुंगराबादशाहपुर विधानसभा मे जो विकास कार्य होने चाहिये थे नही हुए रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज का न बनना एक बड़ी समस्या है।हमेशा जाम से लोगो परेशानियों का सामना करना पड़ता है।मैं इस बार ऐसे जनप्रतिनिधि को चुनना चाहती हूं जो हमारी समस्याओं को हल करने का ठोस आश्वासन देगा। – पल्लवी जायसवाल।

## समाधगंज को हरा देहजुरी ने आजाद क्रिकेट ट्राफी पर किया कब्जा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव :सिकरारा के खानापट्टी गांव स्थित जलपरी स्टेडियम में चल रहे आजाद स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच के मुकाबले में देहजुरी की टीम ने समाधगंज को आठ विकेट से हराकर विजेता ट्राफी पर कब्जा कर लिया।चेयरमैन श्रीकला सिंह धनंजय ने विजेता ट्राफी प्रदान कर खिलाड़ियों मो पुरस्कृत किया। गत विजेता समाधगंज की टीम पहले टॉस जीत कर बल्लेबाजी करते हुए दस ओवरों के मैच में 115 रनों पर आल आउट हो गई। 116 रनों के लक्ष्य को लेकर खेलने उतरी देहजुरी के बल्लेबाजों ने बड़े ही आसानी से आठवें ओवर में दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर विजेता ट्राफी पर कब्जा कर लिया।मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकला सिंह धनंजय ने विजेता ट्राफी प्रदान करते हुए खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कभी भी हार जीत के लिए नहीं बल्कि खेल के लिए खेलना श्रेयस्कर होता है। कहा कि जलपरी मैदान को जिला पंचायत के मद से और विकसित किया जाएगा। आयोजक भूपेंद्र सिंह मंगली ने अभ्यागतों का स्वागत किया,इस मौके पर ब्लाक प्रमुख संजय सिंह, धीरू सिंह,ग्राम प्रधान पति विनय सिंह,आदि मौजूद रहे।जितेंद्र सिंह कृष्णा सिंह,संकेत सिंह दीपक सिंह छोटू वत्सल ट्वेंटी रतन सिह वालंटियर सक्रिय रहे।

## मंगलवार से पूरी क्षमता के साथ काम करेंगी यूपी की अधीनस्थ अदालतें : हाईकोर्ट

प्रयागराज ब्यूरो : प्रदेश की जिला अदालतों, वाणिज्यिक अदालतों, रेरा न्यायाधिकरणों, पारिवारिक न्यायालयों, मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरणों में मंगलवार से पूरी क्षमता केसाथ कामकाज होगा। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इस संबंध में संशोधित दिशानिर्देश जारी किए हैं। जिला अदालतों में कोविड–19 के प्रकोप को देखते हुए अभी तक 50 फीसदी क्षमता के साथ काम करने का आदेश दिया गया था। महानिबंधक आशीष गर्ग की ओर से जारी अधिसूचना में जिला अदालतों, वाणिज्यिक अदालतों, रेरा न्यायाधिकरणों, पारिवारिक न्यायालयों, मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरणों को निर्देश दिया गया है कि आठ फरवरी से संशोधित दिशानिर्देश लागू होंगे। नए निर्देश के तहत पूरी क्षमता के साथ अधीनस्थ न्यायालयों को काम करना होगा। कुछ कर्मचारियों पर लागू रहेंगे पुराने निर्देश अधीनस्थ न्यायालयों के कर्मचारी अब रोटेशन की बजाय रोजाना उपस्थित होकर अपना काम निपटाएंगे। हालांकि, कुछ कर्मचारियों को लेकर फिलहाल पूर्व में दिए गए निर्देश लागू रहेंगे। हाईकोर्ट ने इससे पहले कोरोना के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए दो जनवरी, नौ जनवरी और 16 जनवरी को अधीनस्थ अदालतों के लिए कुछ पाबंदियां लगाई थीं। अधीनस्थ न्यायालयों में रोटेशन के साथ 50 फीसदी कर्मचारी कामकाज कर रहे थे। इसके अलावा वादकारियों का प्रवेश भी प्रतिबंधित था। लेकिन, अब कोरोना केघटते मामलों को देखते



हुए नए निर्देश जारी किए गए हैं। मंगलवार से प्रदेश के सभी अधीनस्थ न्यायालय पूरी क्षमता के साथ काम करेंगे।

## जिला कारागार जौनपुर में निरूद्ध विचाराधीन बन्दी मोहित मिश्रा की मौत

जौनपुर सू.वि. : सिविल जज (सी0डि0)/एफ०टी०सी जौनपुर ने अवगत कराया है कि मुकदमा अपराध सं० 244/2021 धारा 304 भा०दं०सं०, थाना सिकरारा, जिला जौनपुर के प्रकरण में जिला कारागार जौनपुर में निरूद्ध विचाराधीन बन्दी मोहित मिश्रा, पुत्र लालमणि, निवासी मुकुन्दीपुर, थाना सिकरारा, जिला जौनपुर की मृत्यु से सम्बन्धित न्यायिक जांच सं० 03/2022 की जांच उनके द्वारा की जा रही है। उन्होंने कहा है कि यदि मृतक से सम्बन्धित कोई भी जानकारी किसी व्यक्ति के पास हो तो वह न्यायालय में दिनांक 16 फरवरी 2022 को उपस्थित होकर अपना साक्ष्य प्रस्तुत करें।

## विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 को सकुशल संपन्न कराने हेतु टी0डी0इण्टर कॉलेज जौनपुर में कार्मिकों का प्रशिक्षण दो पालियों में प्रारंभ

जौनपुर सू0वि0 : विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 को सकुशल संपन्न कराने हेतु टी0डी0इण्टर कॉलेज जौनपुर में कार्मिकों का प्रशिक्षण दो पालियों में प्रारंभ हुआ। प्रत्येक पाली में कुल 1350 पीठासीन अधिकारी एवं प्रथम मतदान अधिकारी को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रथम पाली में कुल 20 पीठासीन अधिकारी व प्रथम मतदान अधिकारी अनुपस्थित पाए गए, जिसमें बेसिक शिक्षा विभाग 11, माध्यमिक शिक्षा विभाग 06, लोक निर्माण विभाग 01, होम्योपैथिक विभाग 01, खण्ड विकास अधिकारी करंजकला 01, द्वितीय पाली में कुल 26 अनुपस्थित पाए गए पीठासीन अधिकारी व प्रथम मतदान अधिकारी है, जिसमें बेसिक शिक्षा विभाग 12, माध्यमिक शिक्षा विभाग 12, लोक निर्माण विभाग 01, आयुर्वेदिक चिकित्सा विभाग 01 है। इस प्रकार कुल 2700 मतदान कार्मिको में से 50 कार्मिक अनुपस्थित पाए गए। जिनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु विभागाध्यक्ष को सूची उपलब्ध करा दी गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा टीडी कॉलेज में भ्रमण कर प्रशिक्षण व्यवस्था को देखा गया तथा कमरों में प्रशिक्षण ले रहे कार्मिकों को प्रशिक्षित भी किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा कार्मिकों को पीपीटी में बताए गए निर्देशों को आत्मसात करके ईवीएम तथा वी0वी0पैट के प्रयोग में क्या सावधानियां बरती जाए के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया। उन्होंने सभी कार्मिकों को निर्देशित किया कि सभी लोग



आयोग द्वारा जारी निर्देशों का अक्षरसः पालन करेंगे तथा जिन बूथों पर ड्यूटी लगेगी वहां पर निष्पक्ष मतदान कराएंगे। यदि किसी भी कार्मिक द्वारा आयोग के निर्देशों की अवहेलना की जाती है तथा निष्पक्ष मतदान में बाधा उत्पन्न की जाती है तो उनके विरुद्ध आयोग द्वारा निर्धारित दंड की कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी कार्मिकों को अपने आवंटित कमरों में हैंड टू हैंड ट्रेनिंग लेने के उपरान्त प्रांगण में रखे गए मशीनों से भी हैंड टू हैंड ट्रेनिंग प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। जिन कार्मिकों को बूस्टर डोज लगना था उन्हें बूस्टर डोज लगवाने के निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिए गए तथा जिनका सेकंड डोज ड्यू है उन्हें सेकंड डोज लगवाने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी कार्मिकों से अपील किया कि कोविड–19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए सुरक्षित, निष्पक्ष, भयमुक्त, मतदान सम्पन्न कराये।

## 12 मार्च 2022 को दीवानी न्यायालय परिसर जौनपुर एवं समस्त तहसील मुख्यालयों पर राष्ट्रीय लोक अदालत का किया जा रहा आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव :सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिवानी रावत ने अवगत कराया है कि उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर के निर्देशानुसार 12 मार्च 2022 दिन शनिवार को प्रातः 10 बजे से दीवानी न्यायालय परिसर जौनपुर एवं समस्त तहसील मुख्यालयों पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में विशेष रूप से आपराधिक समनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम वाद, बैंक वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकायें, पारिवारिक वाद (विवाह विच्छेद सम्बन्धित वादों को छोड़कर), श्रम वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवादों सहित), सर्विस में वेतन सम्बन्धित विवाद एवं सेवानिवृत्ति लाभों से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद, अन्य सिविल वाद (किराया, सुखाधिकार, व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद) आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित हो सकने वाले समस्त प्रकार के वादों का निस्तारण किया जायेगा। लोक अदालत कानूनी जटिलताओं से परे सहज प्रक्रिया और आपसी समझौते पर आधारित है तथा लोक अदालत में निस्तारित वादों के आदेशों के विरूद्ध कोई अपील नहीं की जा सकती है एवं शुल्क वापसी का भी प्रावधान है। उन्होंने अपील किया है कि वादकारीगण अपने–अपने वादों से सम्बन्धित न्यायालयों में सम्पर्क स्थापित कर वादों को राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु सन्दर्भित एवं निस्तारित कराकर लोक अदालत का लाभ उठायें।

## जनता को फैसला करने दें एवं भाईचारा कायम रखें –संजीव बालियान

मुजफ्फरनगर ब्यूरो : मुजफ्फरनगर में बुधवार को केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान ने कहा कि सर्वसमाज में भाईचारा कायम रहना चाहिए। जनता खुद फैसला करेगी। सबको वोट देने का अधिकार है। आचार संहिता की वजह से मेरठ से मुजफ्फरनगर तक रैपिड रेल की डीपीआर पर काम रुका है। चुनाव के बाद यह काम पूरा होगा। पिछले नौ साल में उन्होंने जनता के हित के हर कार्य को किया है। एटूजेड कॉलोनी स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में बालियान ने कहा कि सपा सरकार के दौरान पांच साल तक प्रदेश में प्रायोजित दंगे हुए। जिले की जनता हकीकत जानती है। सबको वोट अपनी मर्जी से देने का अधिकार है, लेकिन भाईचारा हर हाल में कायम रहना चाहिए। चुनाव के दिन सभी लोग खुले मन से वोट दें, वह कहीं पर भी वोट देने के लिए स्वतंत्र हैं। लेकिन दिल पर हाथ रखकर वोट दिया जाए। पानीपत–खटीमा राजमार्ग और मेरठ–करनाल मार्ग के दो प्रोजेक्ट सपा सरकार के एनओसी नहीं देने के कारण लटके हुए थे, लेकिन भाजपा सरकार बनते ही काम शुरू हो गया। बुटराड़ा को



खतौली से जोडने वाला हाईवे पूरे क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगा। कहा कि कानून व्यवस्था में सुधार का कार्य भाजपा सरकार ने किया है। गांव–गांव की रंजिशें खत्म कराई गई है। व्यापारियों का राजनीतिक उत्पीडन भाजपा ने बंद कराया। सुभाष चौधरी, अशोक बालियान, विकास बालियान, सभासद विपुल भटनागर, राजीव गर्ग, पुष्पेंद्र चौधरी और व्यापारी नेता कृष्णगोपाल मित्तल मौजूद रहे।

# मंदिर निर्माण समिति की बैठक में गर्भगृह निर्माण व सुरक्षा को लेकर हुआ मंथन

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर तहसील संवाददाता)श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य और दिव्य निर्माणाधीन राममंदिर की प्रगति को लेकर राममंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र की अध्यक्षता में दो दिवसीय बैठक हुई।जिसमें 2023 तक गर्भगृह के निर्माण कार्य पूरा कराना मुख्य प्राथमिकता रही इसके साथ ही साथ मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी गहनता से मंथन किया गया। दूसरे दिन की बैठक के बाद श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि पहले दिन की बैठक में मंदिर निर्माण को निर्धारित समय में कैसे पूरा हो इसको लेकर परिसर में चल रहे प्लिंथ के निर्माण कार्य व रिटेनिंग वॉल को लेकर चर्चा की गई।उन्होंने बताया कि मंदिर निर्माण के साथ ही लाइटिंग की व्यवस्था किस प्रकार हो, इस पर भी विस्तार के विचार विमर्श किया गया। उन्होंने बताया मंदिर के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूत करने पर मंथन किया गया कि किस कम लोगों व अच्छे संसाधनों के साथ सुरक्षा को मजबूत बनाने पर



भी मंथन हुआ है। उन्होंने बताया कि प्लिंथ के पहले लेयर का निर्माण कार्य चल रहा है, प्लिंथ का निर्माण कार्य पूरा करने के लिये लगभग 17 हजार पत्थर लगने के अनुमान है, उन्होंने बताया कि प्लिंथ का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद मंदिर के गर्भगृह के निर्माण में बंशी पहाड़पुर के पत्थरों का इस्तेमाल किया जाएगा।

## 2017 के पहले के शोषण को भूल नहीं पाएंगे व्यापारी : पीयूष

अलीगढ़ ब्यूरो : केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि वर्ष 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में जो शोषण होता था, उसे व्यापारी कभी भुला नहीं पाएंगे। भूमाफिया उनकी संपत्ति पर कब्जा करते थे। सूबे में व्यापारियों की हत्या होती थी। कारोबार में अड़चनें डाली जाती थीं। मुख्यमंत्री बनने के बाद योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में कानून व्यवस्था स्थापित की है। अब माताएं–बहनें खुद को सुरक्षित महसूस कर रही हैं। उत्तर प्रदेश का तीव्र गति से विकास हो रहा है। वह मैरिस रोड स्थित हबीब गार्डन में वैश्य समाज द्वारा आयोजित वैश्य व्यापारी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। पीयूष गोयल ने कहा कि देश के विकास में वैश्य समाज का योगदान अमूल्य है। स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी, अस्पताल और मंदिर आदि बनाने में वैश्य समाज आगे रहा है। समाज के लोगों ने कभी जताने की कोशिश नहीं की कि समाज के लिए क्या किया। देश पर जब भी संकट आया, तब यह समाज एकजुट होकर राष्ट्रभक्ति में जुट गया। सब कुछ न्योछावर कर दिया। आयकरदाता एवं व्यापारियों की वजह से देश में तमाम कल्याणकारी योजनाएं संचालित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि डिफेंस कॉरिडोर के छह नोड है, जिसमें अलीगढ़ प्रमुख है। यहां पर छोटे–बड़े उद्योग विकसित होंगे। माताओं के सम्मान के लिए 12 करोड़ शौचालय बनें केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 के पहले करोड़ों माताएं–बहनें सूर्योदय के पहले खेत में शौच के लिए जाती थीं। उनके सम्मान के बारे में किसी ने नहीं सोचा। प्रधानमंत्री मोदी ने डेढ़ लाख करोड़ रुपये खर्च कर देश में 12 करोड़ शौचालय बनवाए। 165 करोड़ कोविड रोधी टीका लगाकर देश को सुरक्षित किया। 80 करोड़ लोगों को 19 महीने तक मुफ्त अनाज दिया गया। उन्होंने कोल क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनिल पाराशर, शहर प्रत्याशी मुक्ता राजा, अतरौली प्रत्याशी संदीप सिंह, खैर प्रत्याशी अनूप प्रधान, बरौली प्रत्याशी जयवीर सिंह, इगलास प्रत्याशी राजकुमार सहयोगी और छर्रा प्रत्याशी रवेंद्रपाल सिंह को जिताने की अपील की। योगी के कार्यकाल में गुंडे जेल में हैं या प्रदेश से बाहर केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री




बीएल वर्मा ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल में गुंडे या तो जेल में हैं, प्रदेश से बाहर या ऊपर। मुख्तार अंसारी एवं अतीक अहमद की संपत्ति पर बुलडोजर चल गया और वहां गरीबों का मकान बनाने का काम किया जा रहा है। कोल सीट से भाजपा प्रत्याशी अनिल पाराशर ने झोली फैलाकर वोट मांगे। अध्यक्षता उद्योगपति हरि प्रकाश गुप्ता एवं संचालन मानव महाजन ने किया। कार्यक्रम को डॉ. एसके सिंघल, डॉ. ऋतु, भाजपा के प्रवासी ऋषि बंसल, एलडी वार्ष्णेय, हिमांशु गर्ग, शहर विभाग संघचालक ललित आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर सांसद सतीश गौतम, अनिल अग्रवाल, प्रदेश सह प्रभारी संजीव चौरसिया, संजीव राजा, संयोजक अतुल अग्रवाल, राम बंसल, दिनेश ज्वेलर्स, राकेश गुप्ता साईं, राजेंद्र महाजन, विनीत केला, विजय अग्रवाल सोनी, अरुण जैन, डॉ. राजीव अग्रवाल, प्रवीण मंगला, कुलसुमन गोयल आदि मौजूद थे। लता मंगेशकर, कल्याण सिंह एवं सिंघल को किया याद पीयूष गोयल ने कहा कि लता दीदी (लता मंगेशकर) देश की शान थीं। संकट के समय देश का हौसला बढ़ाने का काम करती थीं। विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष स्व. अशोक सिंघल को याद करते हुए कहा कि उनके पिता एवं अशोक सिंघल बीएचयू में साथ–साथ पढ़ाई करते थे। वह राममंदिर निर्माण को लेकर प्रतिबद्ध थे। उनका आशीर्वाद भारत वर्ष को हमेशा मिलता रहेगा। 1991 में पहली बार कल्याण सिंह से मिला था। दिसंबर 1991 में वह मेरी शादी में आशीर्वाद देने मुंबई पहुंचे थे। उनका स्नेह एवं आशीर्वाद सदैव मिलता रहा। आज वही स्नेह अलीगढ़ के लोग दे रहे हैं।

# अलीगढ़ में सराफा कारोबारी के यहां 20 घंटे तक चली आयकर विभाग जांच

अलीगढ़ ब्यूरो : सराफा कारोबारी के आवास एवं प्रतिष्ठान में करीब बीस घंटे की जांच के बाद आयकर विभाग की टीम लौट गई है। विभागीय अधिकारी अभी आधिकारिक तौर पर खुलकर कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। मगर, आय से अधिक संपत्ति मिलने की चर्चा है। आयकर विभाग की टीम ने रविवार सुबह सोनी ज्वैलर्स के मालिक एवं अलीगढ़ सराफा कमेटी के अध्यक्ष विजय अग्रवाल के आवास एवं प्रतिष्ठान सहित चार स्थानों पर छापा मारा था। इस कार्रवाई के बाद शहर में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई थी। कोल विधान सभा क्षेत्र के विधायक अनिल पाराशर एवं शहर विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजीव राजा सहित भाजपा के कई नेता सराफा कारोबारी के आवास एवं प्रतिष्ठान पर पहुंच गए थे। इस कार्रवाई की गूंज दिल्ली तक पहुंच गई थी। करीब बीस घंटे की जांच के बाद आयकर विभाग की टीम सराफा कारोबारी के घर एवं प्रतिष्ठान से लौट गई है। कारोबारी के यहां जांच में क्या–क्या मिला, यह अभी तक पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। आयकर विभाग के अधिकारी भी आधिकारिक रूप से कुछ भी बताने से बच रहे हैं। विभागीय सूत्रों की मानें तो आय से अधिक संपत्ति का मामला सामने आ रहा है, जिसमें कुछ और कारोबारी भी जांच की जद में आ सकते हैं, जिनमें शहर व गैर जनपदों के हो सकते हैं। विभागीय अधिकारियों द्वारा जरूरी कागजात, लैपटॉप एवं खरीद–बिक्री से संबंधित दस्तावेज कब्जे में ले लिया गया है। सराफा कारोबारी विजय अग्रवाल का कहना है कि आयकर विभाग की सामान्य जांच थी। सुबह आए और रात तक जांच कर चले गए। उनका हर तरह से सहयोग किया गया। जांच–पड़ताल एवं बयान लेकर गए हैं। सब कुछ ठीक था। देर रात शहर विधायक ने




पहुंचकर मार्ग खुलवाया रविवार सुबह हुई आयकर विभाग की कार्रवाई से पूरा सराफा बाजार सकते में आ गया था। कार्रवाई के विरोध में कारोबारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। आयकर विभाग की टीम ने सुबह फूल चौराहा पहुंचकर रास्ता सील कर दिया था, इसको लेकर सराफा कारोबारियों ने विरोध भी जताया था। देर रात शहर विधायक संजीव राजा सराफा कारोबारी विजय अग्रवाल के फूल चौराहा स्थित प्रतिष्ठान पर पहुंचे। रास्ता खोलने को लेकर उनकी अधिकारियों से नोंकझोंक हुई। उन्होंने कहा कि आम रास्ता कैसे बंद कर सकते हैं। नोंकझोंक के बाद रास्ते को खोल दिया गया। दहशत के बीच खुला सराफा बाजार आयकर विभाग की कार्रवाई के बाद सोमवार को फूल चौराहा स्थित सराफा बाजार खुल तो गया। लेकिन कारोबारियों में दहशत रही। सोमवार को सोनी ज्वैलर्स प्रतिष्ठान भी खुला। हालांकि ग्राहकों की भीड़ आम दिनों से कम थी। पूरे बाजार में सुबह से लेकर शाम तक आयकर विभाग की कार्रवाई की चर्चा रही। नोटिस भेजने की तैयारी विभागीय सूत्रों का कहना है कि जांच के दौरान कुछ नाम सामने आए हैं, जिन्हें नोटिस भेजने की तैयारी चल रही है। दस्तावेजों की जांच होगी। जांच के बाद आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

# एसपी माघ मेला प्रभारी प्रयागराज डा.मिश्र के प्रयास से अचला सप्तमी स्नान पर्व सकुशल पूर्वक सम्पन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) एसपी माघ मेला प्रभारी प्रयागराज डाक्टर राजीव नारायण मिश्र के कुशल नेतृत्व में माघ मेला प्रयागराज में मौनी आमावस्या स्नान की तरह अचला सप्तमी स्नान पर्व भी सकुल पूर्वक सम्पन्न हुई।प्रयागराज माघ मेला मीडिया सेल के मुताबिक इस मौके पर माघ मेला में काफी भीड़ देखने को मिली।चारों तरफ से श्रद्धालुध्स्नानार्थी माँ गंगा में स्नान करने के लिए संगम की तरफ चले आ रहे थे।वही अचला सप्तमी के दिन गंगा स्नान का विशेष महत्व रहा है।मान्यता है कि इस दिन भगवान सूर्य की उपासना करने से पापों से मुक्ति मिलती है।माघ मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को सूर्य देव अपने सात घोड़ों वाले रथ पर सवार होकर प्रकट हुए थे।जिस कारण से ही हर साल माघ मास की शुक्ल सप्तमी को अचला सप्तमी या सूर्य जयन्ती के रूप में मनाया जाता है।अचला सप्तमी का हिन्दु धर्म में विशेष महत्व है, इस दिन सूर्य देव की पूजा और उनका जलाभिषेक किया जाता है।वही श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन व सुरक्षित स्नान हेतु व्यापक पुलिस प्रबन्ध किए गए जिसके तहत सम्पूर्ण मेला क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल तैनात किए गए।माघ मेला क्षेत्र में अचला सप्तमी स्नान पर्व को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक माघ मेला डॉ0 राजीव नारायण मिश्र द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि स्नान हेतु आने वाले श्रद्धालुओं/स्नानार्थियों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो, सभी सकुशल स्नान करके मेले का लुत्फ उठाते हुए अपने गंतव्य तक वापस जाएं।वही मेला क्षेत्र में भीड़ को देखते हुए संदिग्ध व्यक्तियों, लावारिस पड़ी वस्तुओं और महत्वपूर्ण स्थानों की सघन चेकिंग की जा रही थी।सभी थाना प्रभारी/अन्य ईकाई प्रभारी मय हमराह हर



चौराहे–तिराहे पर गश्त करते दिखे। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं/स्नानार्थियों को आवागमन में कोई असुविधा न हो इस हेतु मेला पुलिस द्वारा महावीर पार्किंग स्थल और संगम पार्किंग स्थल तक वाहन ले जाने की छूट दी गई थी।अचला सप्तमी स्नान पर्व को लेकर श्रद्धालुओं/स्नानार्थियों में काफी उत्साह देखने को पाया जा रहा था।वही मेला क्षेत्र में सुबह से ही श्रद्धालुओं/स्नानार्थियों की भीड़ लगातार बढ़ रही थी।वही पुलिस अधीक्षक माघ मेला डाक्टर राजीव नारायण मिश्र ने लगातार मेला क्षेत्र में रहकर सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित करा रहे थे और कमाण्ड सेण्टर' के माध्यम से मेला क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों से मेले का हाल ले रहे थे।वही वर्तमान में कोविड–19 के संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में कोविड–19 गाइडलाइन्स' के अनुपालन हेतु अभियान चलाया गया, मास्क/मुखारण न धारण करने वाले व्यक्तियों की चेकिंग की गई तथा उत्तर–प्रदेश कोविड–19 ( द्वितीय संशोधन नियमावली!) की धारा–15(3) के तहत 143 लोगों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही की गई तथा मौके पर ही शमन शुल्क वसूला गया।

## भाजपा के वार्ड अध्यक्ष सहित सैकड़ों लोगों ने थामा सपा का दामन

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता) भारतीय जनता पार्टी आचार्य नरेंद्र देव वार्ड अध्यक्ष शंकर गुप्ता,मनीष कुमार वाल्मीकि , जीतू वाल्मीकि एवं रॉबिन्स वाल्मीकि ने अपने सैकड़ों साथियों के साथ भारतीय जनता पार्टी छोड़कर समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन व महानगर उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव ने सभी को पार्टी का झंडा सौपकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण करायी।इस मौके पर महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम ने सभी को माला पहनाकर स्वागत किया।इस मौके पर पूर्व मंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा झूठ की राजनीति की है जमीन पर उसने कोई काम नहीं किया है वह हमेशा समाजवादी पार्टी के कामों को अपना बताकर झूठा प्रचार कर रही है जिसको जनता बखूबी समझ रही है उन्होंने भरोसा दिलाया कि समाजवादी पार्टी आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहेगी सरकार आने पर जो भी आप की प्रमुख समस्याएं होगी वह दूर की जाएंगी उन्होंने कहा 2022 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए जनता ने मन बना लिया है।महानगर प्रवक्ता राकेश यादव ने बताया कि सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से राज वाल्मीकि , अंकित वाल्मीकि,गगन वाल्मीकि ,राज वाल्मीकि,सुनील कुमार कनौजिया,चन्दन वाल्मीकि ,सुनील वाल्मीकि , जतिन वाल्मीकि , आकाश वाल्मीकि,आयुष वाल्मीकि मौजूद रहे।

# अयोध्या में जोर शोर से प्रचार अभियान की निगरानी कर रही भाजपा

अयोध्या।(डा.आलोक श्रीवास्तव संवाददाता अयोध्या) विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी डिजिटल मीडिया का भरपूर उपयोग करती है।अब चुनाव प्रचार में लगी टोलियां जनसंपर्क में कोई कोताही न करें और घर–घर पहुंचे।इसे भी डिजिटल माध्यम से सुनिश्चित किया जा रहा है।वही टोलियों के प्रचार अभियान की सतत निगरानी प्रदेश कार्यालय कर रहा है।जनसंपर्क के बाद फोटो खींचकर कई स्तरों पर भेजा जा रहा है। जनसंपर्क के बाद फोटो खींचकर कई स्तरों पर भेजा जा रहा है। जहां भी संपर्क करने के लिए जाएं और जिन लोगों से मिलें, उनके साथ फोटो अवश्य खींचे भाजपा ने हर मोहल्ले और गांव में भाजपा कार्यकर्ताओं की पहुंच घर–घर हो, इसके लिए तीन–तीन, चार–चार कार्यकर्ताओं की टोलियां बनाई गईं हैं। महिला मोर्चा, युवा मोर्चा और भाजपा की अलग–अलग टोलियां बनाई गई हैं, ताकि संपर्क अभियान को सघन बनाया जा सके। इन टोलियों को निर्देशित किया गया है कि वे जहां भी संपर्क करने के लिए जाएं और जिन लोगों से मिलें, उनके साथ फोटो अवश्य खींचे। ये फोटो सोशल मीडिया पर तो अपलोड किए ही जाएं, इसके साथ ही अपने प्रभारियों को भी भेजे जाएं। कई स्तर पर निगरानी की जा रही, इससे सक्रियता भी सुनिश्चित हो रही। भाजपा की टोलियां घर–घर घूम कर लोगों से मिल रही हैं और सबके साथ फोटो भी खींच रही हैं। पूरे चुनाव अभियान को लेकर कई स्तर पर निगरानी की जा रही है। इससे सक्रियता भी सुनिश्चित हो रही है। शिवनगर और रामनगर में अपनी टोली के साथ संपर्क अभियान में लगीं पुष्पा मिश्रा और देवकाली क्षेत्र में संपर्क कर रहे नील कमल बताते हैं कि पहले से ही प्रत्येक अभियान के लिए ऐसी ही व्यवस्था पार्टी ने सुनिश्चित कर रखी है। घर–घर जाने और मिलने से लोग अपनत्व महसूस करते हैं और अपनी व्यथा भी व्यक्त करते हैं। यह जन कल्याण की योजना बनाने में पार्टी के लिए सहायक होता है।

# धर्म संसद में ही हिंदू राष्ट्र पर बहस संभव : शांभवी पीठाधीश्वर स्वामी आनंद स्वरूप

अलीगढ़ ब्यूरो : शांभवी पीठाधीश्वर एवं धर्म संसद के संयोजक स्वामी आनंद स्वरूप ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में लोकसभा में हिंदू राष्ट्र पर बहस संभव नहीं है। वहां हिंदुओं के विपरीत वातावरण है। हिंदू राष्ट्र पर बहस के लिए धर्म संसद से बेहतर कोई अन्य विकल्प नहीं है। स्वामी आनंद सोमवार को नौरंगाबाद, बी दास कंपाउंड स्थित सनातन भवन में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि धर्म संसद में पूर्ण लोकतंत्र है। जहां सभी संतों को बोलने की छूट है। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने उन्हीं विषयों को उठाया है, जिन विषयों को कांग्रेस ने उठाया था। धर्म संसद में ही प्रश्न उठेंगे कि हिंदुत्व की दिशा क्या होनी चाहिए। धर्म संसद विचारधारा की खुली सभा है। जिसमें स्वीकृति लेकर कोई अपनी बात कह सकता है। उन्होंने सवाल उठाया कि राहुल गांधी और मोहन भागवत का हिंदुत्व हिंदुत्व है या हमारे धर्माचार्यों के विचारों से संबंधित तथ्य भी हिंदुत्व है। इस विषय पर भी धर्म संसद में चर्चा होती है। महामंडलेश्वर डॉ. अन्नपूर्णा भारती ने कहा कि अहिंसा हमारा परम धर्म है, लेकिन धर्म बचाने के लिए हिंसा करना भी हमारा सर्वोपरि धर्म



है। हिंदुत्व की रक्षा करने के लिए धार बदलनी पड़ेगी। जो लोग धर्म संसद का विरोध कर रहे हैं, वह हिंदू नहीं हैं। इस अवसर पर सागर सिंधु जी महाराज, कवि वेद प्रकाश, हरिशंकर शर्मा, राजीव भोला, शुभम अग्रवाल, अभिषेक गुप्ता आदि मौजूद थे।

## थाना कैंट क्षेत्र के भूतपूर्व सैनिक ने अपनी जमीन के न्याय के लिए लगाई गुहार

अयोध्या (संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। थाना कैंट क्षेत्र के मऊ शिवाला ग्राम सभा के रहने वाले पीड़ित परिवार ने विपक्षी पर अपनी ही भूमि पर निर्माण में बाधा डालने का आरोप लगाते हुये न्याय की गुहार लगाई है, जबकि पीड़ित भूतपूर्व सैनिक सरजू सरन गुप्ता पुत्र बेनी माधव निवासी



ग्राम मऊ यदुवंशपुर तहसील सोहावल का कहना है उक्त मामले में एसडीएम सोहावल ने आदेश दिया है कि पुलिसबल व राजस्व टीम की मौजूदगी में निर्माण कराने का व विपक्षी को हस्तक्षेप न करने का दिशा निर्देश दिया है, जिसके बावजूद विपक्षी लोग दबंगई के बल पर उक्त भूमि पर निर्माण करने पर बाधा डाल रहे है। पीड़ित ने बताया कि कैंट थाना हल्का दरोगा अशोक चौरासिया व पुलिस की मदद से निर्माण हो रहा है, उनका कहना है कि विपक्षी दबंग लोग हैं वो कई मुकदमें में वांछित हैं, किसी भी प्रकार की अनहोनी न हो इसके लिये न्याय की गुहार व सुरक्षा की माग की है। इसके साथ ही पीड़ित का कहना है कि विपक्षी उक्त जमीन पर कब्जा करने की फिराक में है।

## लता मंगेशकर के निधन पर अयोध्या के राज परिवार में भी शोक की लहर

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) राम नगरी अयोध्या राजघराने के राजकुमार यतींद्र मिश्रा ने स्वर कोकिला व भारतरत्न सम्मान से सम्मानित लता मंगेशकर को याद कर शोक व्यक्त किया।इस मौके पर उन्होने कहा कि यह मेरा सौभाग्य कि मुझे उनका आशीर्वाद मिला है।वही साहित्यकार यतींद्र मिश्रा ने लता मंगेशकर पर किताब भी लिखी है।जो लता सुर गाथा नाम से किताब लिखी थी।यह बात यतींद्र मिश्रा ने कही।इस मौके पर उन्होने कहा कि आजाद भारत की सबसे बड़ी सांस्कृतिक पहचान लता मंगेशकर थी।वही आजादी के साथ लता मंगेशकर का कैरियर शुरू हुआ था।लता मंगेशकर ने जब कैरियर शुरू किया था उस समय शरीफ घर की लड़कियों के लिए यह इज्जत का पेशा नहीं था। लता मंगेशकर ने यह सुनिश्चित किया कि मध्यम वर्गीय लड़कियां भी अपना मुकाम बना सकती हैं।वे अपनी शर्तों पर जी सकती हैं।आजाद भारत के स्वप्न स्त्री की आकांक्षा को लता मंगेशकर ने चार चाँद दिया था। हजारों यतींद्र मिश्र और सैकड़ों लता शुर गाथा मिल कर के भी लता मंगेशकर की जगह नहीं ले सकती है।उनकी आवाज ही उनकी पहचान।वही उनकी अमरता भी है।

## विप्र समाज से चुनाव में शत प्रतिशत मतदान कराने की अपील

आर एल पाण्डेय लखनऊ। विधानसभा नोएडा के प्रत्याशी पंकज संह के चुनाव प्रचार हेतु भाउराव देवरस स्कूल नोएडा सेक्टर 12 में मनोहर लाल शर्मा जी के नेतृत्व में विप्र समाज की एक मीटिंग रखी गई जिसमें राज्य सभा सांसद शरद जी ने उस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। समाज के अनेक सम्मानित विप्र समाज के लोग उपस्थित हुए और



भारत की राष्ट्रीयता और अस्मिता की रक्षा के लिए अपने अपने विचार व्यक्त किए। कृपा शंकर दुबे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राष्ट्रवादी ब्राह्मण महासंघ दिल्ली ने भी भारतीय जनता पार्टी के समर्थन की अपील की। डॉ राजीव लोचन शुक्ला राष्ट्रीय महासचिव राष्ट्रीय युवा वाहिनी शंखनाद ने अवगत कराया कि राष्ट्रीय युवा वाहिनी शंखनाद संपूर्ण उत्तर प्रदेश में योगी जी की सरकार को पुनः लाने के लिए हर एक विधानसभा से कमल के फूल पर मतदान के दिन बटन दबाकर योगी जी की सरकार को पुनः प्रचंड बहुमत से सरकार प्रदेश में पदस्थ कराएं । अतुल राजपूत निजी सचिव शिवम राजपूत जिला अध्यक्ष इटावा नवीन भाटी आदि लोग उपस्थित होकर विप्र समाज से चुनाव में शत प्रतिशत मतदान कराने की अपील की।

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।